# राजस्थान की राजनीति

आपकी आवाज के साथ....

E-mail: tniawaz.news@gmail.com

RAJHIN/2012/43137

जयपुर, दौसा, करौली, अलवर, टोंक, अजमेर, भरतपुर, धौलपुर, बीकानेर, कोटा, सवाईमाधोपुर से प्रसारित

www.hpnews.in/www.tniawaaz.in | जयपुर, बुधवार 17 अप्रैल, 2024 | वर्षः 2 | अंकः 172 | पृष्ठः 8 | मूल्यः 2.00 रू.


## श्रीनगर में बड़ा हादसाः झेलम नदी में नाव डूबी... छह की मौत, छह को बचाया, तीन अब भी लापता



**जम्मू**

श्रीनगर में बड़ा हादसा हुआ है। यहां झेलम नदी में नाव डूब गई। इसमें 15 लोग सवार थे, जिसमें आठ वयस्क और सात विद्यार्थी शामिल थे। हादसे का पता चलते ही तुरंत बचाव अभियान शुरू किया गया। अब तक 12 लोगों की तलाश की जा चुकी है। हादसा गंडबल बटवाड़ा में हुआ है। इनमें छह की जान जा चुकी है और तीन का उपचार चल रहा है। तीन अन्य की हालत स्थिर है, जबकि तीन अब भी लापता हैं। बचाव अभियान चल रहा है। श्रीनगर उपायुक्त डॉ. बिलाल मोहि-उद-दीन भट ने इसकी जानकारी दी है। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। वहीं, मौके पर संभागीय आयुक्त कश्मीर, आईजीपी कश्मीर, उपायुक्त श्रीनगर और एसएसपी श्रीनगर, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और पुलिस के अधिकारी पहुंचे हुए हैं। अधिकारियों ने मौके से बचाव अभियान की निगरानी कर रहे हैं। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने श्रीनगर में नाव दुर्घटना पर गहरा दुख जताया है। उपराज्यपाल ने जारी संदेश में कहा, 'हादसे में हुई लोगों की मृत्यु से मुझे गहरा दुख हुआ है। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं और मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि वह उन्हें इस अपार क्षति को सहने की शक्ति दें। एसडीआरएफ, सेना और अन्य एजेंसियों की टीम राहत और बचाव कार्य कर रही हैं।' कहा, 'प्रशासन उन शोक संतप्त परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान कर रहा है जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है और जो लोग घायल हुए हैं, उन्हें चिकित्सा सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। मरीन कमांडो (मार्कोस) टीमों को भी अलर्ट कर दिया गया है। मैं लगातार स्थिति पर नजर रख रहा हूं और मैदान पर टीम का मार्गदर्शन कर रहा हूं।' हादसे की खबर के बाद श्रीनगर में शोक की लहर दौड़ गई है। जिन लोगों के अपने नाव में सवार हैं, उनका रो-रो कर बुरा हाल है। अपनों को फिर से पाने के लिए वे ईश्वर से प्रार्थनाएं करते दिखे। साथ ही स्थानीय लोगों ने कहा है यहां पुल का काम कई सालों से अधर में लटका हुआ है। ऐसे में नदी पार करने के लिए उन्हें नाव का सहारा लेना पड़ता है। बिगड़े के मौसम के बीच नदी को पार करते हुए यह हादसा हो गया। नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने हादसे पर दुख जताते हुए सवाल किया कि समय पर पुल बनने का काम पूरा क्यों नहीं हुआ। इसकी जांच कराई जानी चाहिए।

# 'रामदेव, बालकृष्ण एक हफ्ते के अंदर सार्वजनिक रूप से माफी मांगें', सुप्रीम कोर्ट का निर्देश

**नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट में योगगुरु रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद के एमडी बालकृष्ण ने भ्रामक विज्ञापन मामले में पब्लिक में माफी मांगने की बात कही है। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें इसके लिए एक हफ्ते का वक्त दिया है। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा है कि इससे अभी मामला खत्म नहीं होगा। दोनों ही कोर्ट में मौजूद थे और बिना शर्त माफी मांगने की बात कही। सुप्रीम कोर्ट ने इस बात को संज्ञान में लिया, लेकिन साफ किया कि वह इस स्टेज पर उन्हें छोड़ने का निर्णय नहीं कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आप अच्छा काम कर रहे हैं लेकिन आप एलोपैथी को बदनाम नहीं कर सकते।

## आप अच्छा काम कर रहें हैं लेकिन...

योगगुरु रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद के एमडी बालकृष्ण ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट से कहा कि वह भ्रामक विज्ञापन के मामले में आम माफीनामा देने को तैयार हैं। सुप्रीम कोर्ट में इनकी ओर से पेश सीनियर एडवोकेट मुकुल रोहतगी ने कहा कि इस मामले में पब्लिक माफीनामा देने को हम तैयार हैं। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर दोनों कोर्ट के सामने मंगलवार को पेश हुए थे। सुप्रीम कोर्ट में दोनों की ओर से कहा गया कि कोर्ट में अंडरटेकिंग देकर उसका उल्लंघन के मामले में वह माफी चाहते है और इस बारे में पब्लिक माफीनामा देने को तैयार हैं। एलोपैथी मेडिसिन के खिलाफ बयान देने और भ्रामक विज्ञापन के मामले में दोनों की ओर से पब्लिक माफीनामा देने की बात कही गई। सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस हीमा कोहली और जस्टिस ए. अमाननुल्लाह की बेंच में रामदेव और बालकृष्ण पेश हुए। इस दौरान इनके वकील मुकुल रोहतगी ने कोर्ट को कहा कि ये दोनो अपने पश्चाताप को दिखात हुए पब्लिक में आम माफीनामा देनो को तैयार हैं। दोनों ही जज इस दौरान रामदेव और बालकृष्ण से मुखातिब होते हुए उनसे हिंदी में कुछ सवाल जवाब किए। कोर्ट ने सवाल किया का आखिर कोर्ट में अंडरटेकिंग देकर उन्होंने उसका उल्लंघन क्यों किया।



### अदालत का अनादर करने का कोई इरादा नहीं थाः बाबा

न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने उनकी माफी पर ध्यान दिया, लेकिन यह स्पष्ट कर दिया कि उन्हें सिर्फ मांगने की वजह से राहत नहीं दी जाएगी। पीठ ने बालकृष्ण से बातचीत करते हुए कहा, ''आप अच्छा काम कर रहे हैं लेकिन आप एलोपैथी को नीचा नहीं दिखा सकते। बाबा रामदेव ने भी पीठ से बातचीत करते हुए कहा कि उनका किसी भी तरह से अदालत के प्रति अनादर दिखाने का कोई इरादा नहीं था। हालांकि, पीठ ने बालकृष्ण से कहा कि वे (पतंजलि) इतने निर्दोष नहीं हैं कि उन्हें नहीं पता कि शीर्ष अदालत ने मामले में अपने पहले के आदेशों में क्या कहा था।

### क्या है यह पूरा मामला

सुप्रीम कोर्ट में आईएमए की ओर अर्जी दाखिल कर पतंजलि के खिलाफ वेक्सिनेशन अभियान और मॉडर्न मेडिसिन के खिलाफ मुहीम चालने का आरोप लगाया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में कोर्ट के आदेश के बावजूद जवाब दाखिल नहीं किए जाने पर आपत्ति जताई थी। 19 मार्च को कोर्ट ने कहा था कि आप (पतंजलि व एमडी) नोटिस का जवाब नहीं दे रहे थे। बेंच ने उनके वकील से कहा था कि आप हमारे आदेशों से कैसे अनभिज्ञ हो सकते हैं। वहीं पतंजलि की ओर से पेश सीनियर एडवोकेट मुकुल रोहतगी ने दलील दी थी कि कानून का उल्लंघन अवमानना नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने योग गुरु रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद के एमडी आचार्य बालकृष्ण की ओर से बिना शर्त माफी मांगने के लिए दायर किए गए हलफनामे को स्वीकार करने से इनकार कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस हीमा कोहली और जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की बेंच ने कहा था कि जब हमने रामदेव और बालकृष्ण को पेश होने के लिए कहा था तो उन्होंने उससे भी बचने की कोशिश की थी। शीर्ष अदालत ने इस दौरान उत्तराखंड राज्य के लाइसेंसिंग अथॉरिटी के प्रति गहरी नाराजगी जताई थी और कहा कि वह कोर्ट को हल्के में नहीं लें। यह सब स्वीकार नहीं किया जा सकता। हम सख्ती से निपटेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि हम कंटेप्ट मामले में हम रामदेव और बालकृष्ण की ओर से दायर किए गए हलफनामे पर आपत्ति जताते हैं।

### अदालत में क्या-क्या हुआ?

सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस हीमा कोहली के सवाल पर रामदेव ने कहा कि हमने जो किया वह उस समय हमें नहीं करना चाहिए था। आगे याद रखेंगे। बालकृष्ण ने कहा कि हमें ऐसा नहीं करना चाहिए था। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई 23 अप्रैल के लिए टाल दी है। सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान रामदेव ने कहा कि उनका ऐसा कोई इरादा नहीं था कि वह कोर्ट की गरिमा और प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाएं। इस दौरान बेंच ने बालकृष्ण से कहा कि आप इतने अबोध नहीं हैं कि आपको यह नहीं पता कि कोर्ट ने पिछले आदेश में क्या कहा था।

### सुप्रीम कोर्ट में माफी मांग चुके हैं बाबा रामदेव

*इससे पहले कोर्ट में सुनवाई के दौरान बाबा रामदेव ने कहा था कि जो भी हमसे भूल हुई, उसके लिए हम बिना शर्त माफी मांगते हैं। इस पर जस्टिस कोहली ने कहा कि जो आप प्रचार कर रहे हैं उसके बारे में क्या सोचा है। हमारे देश में तमाम पद्धतियां हैं। लेकिन दूसरी दवाईयां खराब हैं, ये क्यों? इसपर रामदेव ने कहा कि हम अदालत से क्षमा मांगते हैं। हमने पांच हजार रिसर्च किए और आयुर्वेद को एविडेंस बेस्ड तौर पर प्रस्तुत किया है*

## बीजेपी की नीति देश पहले तो डीएमके वंशवाद को दे रही बढ़ावाः राजनाथ सिंह

**चेन्नई**

भाजपा के वरिष्ठ नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा तमिलनाडु के दौरे पर हैं। दोनों नेताओं ने अलग-अलग शहरों में एनडीए उम्मीदवारों के समर्थन में रैली की। इस दौरान सिंह ने सत्तारूढ़ दल पर कटाक्ष करते हुए पूछा कि डीएमके ने राज्य में परिवारवाद को बढ़ावा देने और भ्रष्टाचार करने के अलावा और क्या किया है। वहीं, राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि डीएमके का मतलब घोटाला और वंशवाद है। कृष्णागिरि में एनडीए उम्मीदवार सी नरसिम्हन के समर्थन में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि डीएमके अपने शासन को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने में विफल रही। डीएमके और उसके सहयोगी कांग्रेस का सिर्फ एक उद्देश्य है- केंद्र में सत्ता हासिल करना। उन्होंने कहा कि मैं द्रमुक से पूछना चाहता हूं कि उन्होंने राज्य को क्या दिया है। जहां, भाजपा की नीति है राष्ट्र पहले तो वहीं द्रमुक की नीति है परिवार पहले। रैली में सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सामाजिक कल्याण और राजनीति में ईमानदारी के मामले में सी राजगोपालाचारी, के कामराज और एमजी रामचंद्रन जैसे बड़े नेताओं से प्रेरित हैं। पूर्व मख्यमंत्री जयललिता ने गरीबों के लिए जिस तरह से काम किया और लोगों की सेवा की उस वजह से मेरे मन में उनके लिए हमेशा सम्मान है।

## गहलोत ने किया दावा- चौंकाने वाले आएंगे परिणाम, ये चुनाव लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए है

**अजमेर**

प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत मंगलवार को अजमेर पहुंचे। यहां उन्होंने अजमेर लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी रामचंद्र चौधरी के समर्थन में शहर के आजाद पार्क में आयोजित विशाल आमसभा को संबोधित किया। इस दौरान गहलोत ने भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। इससे पूर्व अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से गहलोत का स्वागत माला व साफा पहनाकर किया गया। आम सभा को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि आप सब जानते हैं कि कांग्रेस पार्टी ने सोच समझकर रामचंद्र चौधरी को उम्मीदवार घोषित किया है, जो 50 सालों से किसानों की सेवा कर रहे हैं। इन्होंने डेयरी में अच्छे नवाचार किए, वो सब आपके सामने हैं। केंद्र सरकार श्रेष्ठ इनकम टैक्स के छापे मार रहे हैं, भाजपा में जाते ही सब धुल जाते हैं, वहां क्या वाशिंग मशीन लगी हुई है। दो मुख्यमंत्री जेल में बैठे हैं, कांग्रेस के खाते बंद कर दिए, देश की आजादी में कांग्रेस का योगदान है। गहलोत ने कहा कि इस चुनाव में चौंकाने वाले परिणाम आएंगे, हमारी सरकार ने अच्छे कार्य किए हैं। हमारी सरकार ने शिक्षा, रोजगार, चिकित्सा में काम किए हैं। नए स्कूल खोले, बीमा योजना शुरू की, पानी की योजना बनाई, सड़कें बनाईं, तीन लाख नौकरियां दीं, 4.5 लाख बिजली कनेक्शन दिए। हमारे घोषणा पत्र में 25 गारंटिया हैं, आपको गर्व होगा उस पर। वहीं मोदी जी का घोषणा पत्र झूठ का पुलिंदा है। 15 लाख खाते में आएंगे, रोजगार देंगे, सब जुमला निकला। यह तीन काले कानून आ गए। उन्होंने जनता से अपील करी कि रामचंद्र चौधरी जमीनी नेता हैं, उन्होंने अपनी जिंदगी आपके बीच में बिता दी। उन्होंने भागीरथ चौधरी पर निशाना साधते हुए कहा कि वह पांच साल में एक बार भी जनता के बीच नहीं आए। इनके केंद्रीय मंत्री निकम्मे नाकारा है, इन्होंने कोई काम नहीं किया। उन्होंने कहा कि रामचंद्र भगवान को जिताकर करो चमत्कार, अजमेर में नया इतिहास बनेगा।



## पथराव, गोलीबारी गुजरे वक्त की बात, अब अंतिम सांसें गिन रहा आतंकवाद- शाह

**जम्मू**

गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को जम्मू के पलौड़ा में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि अब जम्मू कश्मीर में पथराव और गोलीबारी गुजरे समय की बात बन गए हैं। अब प्रदेश में आतंकवाद अंतिम सांसे गिन रहा है। शाह ने कहा, पीएम मोदी के कार्यकाल के 10 साल में जम्मू-कश्मीर को सबसे ज्यादा फायदा हुआ है। एक जमाना था, जब ऐसे जलसे की कल्पना ही नहीं कर सकते थे। पथराव होता था, गोलीबारी होती थी, बम धमाके होते थे, पाकिस्तान से हड़ताल का ऐलान किया जाता था और 370 का साया पूरे जम्मू-कश्मीर पर छाया था। आज 370 समाप्त हो गई है, आतंकवाद अपनी अंतिम सांसे गिन रहा है और जो युवा पथराव कर रहे थे, उन युवाओं के हाथ में लैपटॉप है।' अमित शाह ने कहा, 'श्यामा प्रसाद ने नारा दिया था, 'एक देश में दो विधान, दो प्रधान व दो निशान नहीं चलेगा'। आज जम्मू कश्मीर से 370 समाप्त हो गया है। पूरे देश की तरह यहां भी आन-बान-शान के साथ हमारा तिरंगा गगन छू रहा है। बहुत कठिन दौर से संघर्ष करके भाजपा के नेता जम्मू-कश्मीर की कश्ती को बाहर निकाल कर लाए हैं। उन्होंने कहा कि जम्मू में पैर रखते ही भाजपा कार्यकर्ता के रोंगटे खड़े हो जाते हैं। ये याद करके कि भाजपा के पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने यहीं बलिदान दिया था। शाह ने कहा, 'फारूक अब्दुल्ला कहते थे कि नरेंद्र मोदी 10 बार प्रधानमंत्री बन जाएं, लेकिन अनुच्छेद 370 नहीं हटा सकते। लेकिन दूसरी बार के कार्यकाल में ही जम्मू-कश्मीर से 370 हटा दिया गया है।' शाह ने महबूबा मुफ्ती को घेरते हुए कहा, 'महबूबा कहती थीं कि अगर 370 हटा तो तिरंगे को कोई कंधा देने वाला नहीं होगा। आप और मैं तो चले जाएंगे लेकिन तिरंगा तो अजर है, अमर है... हमेशा रहने वाला है।' उन्होंने कहा कि नेकां-पीडीपी कहते थे कि गुज्जर और बकरवाल का आरक्षण काट दिया जाएगा, लेकिन उनके आरक्षण से बदलाव किए बिना पहाड़ी समुदाय को आरक्षण दिया गया है।



## राजस्थान में अब पूर्व सैनिकों को मिलेगा बीएड का दर्जाः वीरांगनाओं और आश्रितों को मिलेगी अनुकंपा नौकरीः शिक्षा मंत्री


**रामगंज मंडी**

राजस्थान के शिक्षा विभाग ने नई पहल करते हुए पूर्व सैनिकों को सरकारी शिक्षक बनाने की तैयारी शुरू कर दी है। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि पूर्व सैनिकों को अब बीएड डिग्री के बराबर दर्जा दिया जाएगा। कोटा के रामगंजमंडी में एक सभा के दौरान सोमवार को शिक्षा मंत्री ने कहा कि पूर्व सैनिकों को मेरिट और आरक्षण के आधार पर शिक्षक बनाया जाएगा। सैनिकों की आकस्मिक मौत होने और शहीद होने पर वीरांगना और आश्रितों को अनुकम्पा में सरकारी नौकरी दी जाएगी। दिलावर ने कहा कि देश में राजस्थान शिक्षा विभाग पहली बार इसकी पहल कर रहा है। इसका प्रस्ताव जल्द तैयार कर शिक्षा विभाग सीएम भजनलाल शर्मा को भेजेगा। कुछ पूर्व सैनिकों ने शिक्षा विभाग में शिक्षक बनने के लिए आवेदन किया है, लेकिन शिक्षा विभाग के अधिकारी मानने को तैयार नहीं है। अधिकारियों का कहना है कि पूर्व सैनिकों की शिक्षा ट्रेनिंग, शिक्षा विभाग से कम है। ऐसे में पूर्व सैनिकों को शिक्षक नहीं बनाया जा सकता हैं। इसको लेकर अब अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि रिटायर्ड सैनिकों को बीएड डिग्री के बराबर मानना पड़ेगा। ऐसे में अब पूर्व सैनिकों को मेरिट के आधार पर और आरक्षण के आधार पर सरकारी टीचर बनाया जाएगा। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि भारतीय सैनिकों की सामान्य मौत हो जाती है या युद्ध के दौरान शहीद हो जाते है।

# हावड़ा में रामनवमी रैली को लेकर टीएमसी पर भड़के पीएम मोदी, बोले- हर साल की तरह इस साल भी किया विरोध

**कोलकाता**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पश्चिम बंगाल के दौरे पर हैं। बंगाल के बालुरघाट में उन्होंने मंगलवार को एक चुनावी रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने राज्य की टीएमसी सरकार की आलोचना की। पीएम मोदी ने ममता सरकार पर घुसपैठियों को सुरक्षा देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि ममता सरकार घुसपैठियों को तो सुरक्षा देती है लेकिन नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) का विरोध कर रही है, जो शरणार्थियों को नागरिकता देता है। उन्होंने कहा कि राज्य में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और अपराध हैं। जब केंद्रीय एजेंसियां इन मामलों की जांच करने की कोशिश करती हैं तो उन पर हमला हो जाता है। ऐसा लगता है कि टीएमसी ने घुसपैठियों और गुंडों को राज्य पट्टे पर दे दिया है। रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि टीएमसी को लगता है कि दलित, आदिवासी और गरीब अपनी मर्जी से हिल भी नहीं सकते हैं। लेकिन 2024 का यह चुनाव उन्हें बता देगा कि बाबासाहब अंबेडकर के लोकतंत्र में दलित, वंचित और आदिवासी टीएमसी के गुलाम नहीं हैं। बंगाल में तृणमूल कांग्रेस ने आदिवासी समुदाय की महिलाओं को अपने घुटनों पर झुका दिया लेकिन जल्द ही टीएमसी घुटनों पर आ जाएगी। यहां के आदिवासी समाज के त्याग और बलिदान का देश पर बड़ा कर्ज है। आज भाजपा आदिवासियों और दलितों के सम्मान के लिए लड़ रही है। भाजपा ने ही देश को पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति दी। टीएमसी जैसी पार्टी दलित, आदिवासी महिलाओं को अपना बंधक बनाकर रखना चाहती है।



### बंगाल को गरीब ही रखना चाहती है टीएमसी

बंगाल के रायगंज में उन्होंने कहा कि टीएमसी बंगाल को गरीब रखना चाहती है, जिससे उनका व्यापार फलता-फूलता रहे। ममता सरकार में अनुमति कानून से नहीं बल्कि तोलाबाज और टीएमसी के गुंडों तय करते हैं। रामनवमी के अवसर पर शोभा यात्रा निकालने के लिए तो राज्य सरकार अनुमित नहीं दे पाती। भक्तों को अदालत का दरवाजा खटखटाना पड़ता है लेकिन रामनवमी और दुर्गा पूजा की शोभा यात्रा पर पथराव करने वालों को टीएमसी द्वारा अनुमति दे दी जाती है।

### रामनवमी के जुलूस को रोकने के लिए टीएमसी रच रही साजिशः पीएम मोदी

रामनवमी और रामलला का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि आजाद भारत के इतिहास में पहली बार ऐसा होगा कि रामनवमी पर रामलला अयोध्या स्थित अपने भव्य मंदिर में विराजमान हैं। मुझे पता है कि हर वर्ष की तरह इस साल भी ममता सरकार ने राम नवमी समारोह को रोकने की पूरी कोशिश की है। उन्होंने समारोह को रोकने के लिए कई साजिशें रची हैं। लेकिन जीत हमेशा सत्य की ही होती है। इसलिए अदालत ने रामनवमी के जुलूस के लिए अनुमति दे दी है। कल रामनवमी के अवसर पर पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ भव्य जुलूस निकाला जाएगा। मैं बंगाल के अपने सभी भाइयों और बहनों को इस अवसर पर बधाई देता हूं।

### टीएमसी की दुकान बंद हो जायेगी इसलिए फैला रहे झूठी खबर

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बालुरघाट में आज उमड़ा यह जनसैलाब को देखकर लगता है कि इस बार जीत विकास की होगी। आज पूरा राज्य कह रहा है 4 जून को 400 पार और फिर एक बार मोदी सरकार। उन्होंने कहा कि टीएमसी को लग रहा है कि पीएम मोदी ने योजनाओं को हर गरीब के दरवाजे तक पहुंचाने की गारंटी दे दी है। टीएमसी को लगता है कि अगर जनता को मोदी की गारंटी से लाभ मिला तो राज्य की जनता का विकास हो जाएगा। टीएमसी की दुकान बंद हो जायेगी इसलिए वे झूठी खबर फैला रहे हैं लेकिन बंगाल की जनता मेरी गारंटी से वाकिफ है।

# सोजत की सानिया सीरवी ने यू पी एस सी में 171 वी रेंक हासिल की

राजस्थान की राजनीति



**सोजत(ललित तिवारी)।** यूपीएससी 2023 के मंगलवार को घोषित हुए नतीजे में 171 वी रैंक हासिल करने वाली सानिया सीरवी का मूल गांव सोजत के पास अटबड़ा है। सानिया ने तीसरे प्रयास में यह सफलता हासिल की। इस सफलता पर समूचे पाली जिले और सीरवी समाज को गौरवान्वित किया है। सानिया ने आईआईटी मुंबई से केमिकल इंजीनियरिंग में ग्रेजुएशन की है।

### नाना पुखराज सीरवी रह चुके हैं आईजी

सानिया ने मुंबई आईआईटी से केमिकल इंजीनियरिंग में ग्रेजुएशन किया है। मगर वे अपने नाना राजस्थान पुलिस के सेवानिवृत्ति आईजी पुखराज सीरवी की प्रेरणा से वह सिविल सेवा में जाना चाहती थीं। सानिया के पिता गोपालकृष्ण सीरवी सहकारिता विभाग जयपुर में संयुक्त रजिस्टार के पद पर कार्यरत हैं। जबकि नाना राजस्थान पुलिस के जोधपुर रेंज के पुलिस महा निरीक्षक रह चुके हैं।

### 3 साल से दिल्ली में रहकर की तैयारी

सानिया ने अपनी संपूर्ण पढ़ाई पिता के साथ रहकर जयपुर में ही की। इसके बाद में आईआईटी मुंबई से केमिकल इंजीनियरिंग में ग्रेजुएशन की। इसी दौरान नाना पूर्व आईजी पुखराज सीरवी ने उन्हें सिविल सेवा में जाने के लिए प्रेरित किया, फिर सानिया ने दिल्ली का रुख कर लिया और वहां 3 साल रहकर कोचिंग और पढ़ाई की। सानिया के यूपीएससी में चयन पर क्षेत्रवासियों ने खुशी जाहिर की।

# दिल्ली पब्लिक स्कूल जयपुर ने बच्चों को करियर संवारने और परामर्श सत्र देने के लिए एक विश्वविद्यालय मेले का आयोजन किया



राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, जयपुर ने ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षा के लिए एक विश्वविद्यालय की मेजबानी की, जो उच्च शिक्षा विकल्पों में अंतर्दृष्टि प्रदान करता है। 20 से अधिक शीर्ष अमेरिकी और हांगकांग विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधियों ने पाठ्यक्रम, विशेषज्ञता और प्लेसमेंट विवरण साझा किए। उन्होंने प्रवेश में समग्र विकास की भूमिका पर जोर दिया और उपलब्ध विभिन्न पूर्व छात्र पैकेजों और छात्रवृत्तियों पर चर्चा की। प्रिंसिपल डॉ. ऋचा प्रकाश घोष ने कहा, ÷कैरियर की संभावनाओं को अधिकतम करने के लिए एक मजबूत प्रोफ़ाइल बनाना महत्वपूर्ण है। यह मेला छात्रों को उनके भविष्य के बारे में सूचित निर्णय लेने में मदद करता है।÷ मेले ने छात्रों को उनके शैक्षिक पथों की स्पष्ट समझ प्रदान की, जिससे उन्हें अपने भविष्य के प्रयासों के लिए सूचित विकल्प चुनने में सहायता मिली।

# जयपुर मंडल रामनवमी पर मनाएगा विश्व जागृति मिशन का 33 वां स्थापना दिवस

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** विश्व जागृति मिशन का 33 वां स्थापना दिवस बुधवार को रामनवमी पर गुलाबी नगरी में जयपुर मंडल के श्रद्धालुओं द्वारा पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। जयपुर मंडल के प्रधान श्री मदन लाल अग्रवाल ने बताया कि इस अवसर पर विश्व जागृति मिशन के संस्थापक श्री सुधांशु जी महाराज के संकल्प और संदेश का प्रसारण किया जाएगा। शाम को आदर्श नगर में बीस दुकान स्थित सोमेश्वर महादेव मंदिर परिसर में शाम 5 बजे से आचार्य श्री मोहन शास्त्री के सानिध्य में हवन और कन्या पूजन जैसे कार्यक्रम होंगे। इसके बाद धार्मिक शोभा यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें जयपुर मंडल से जुड़े श्रद्धालु विश्व जागृति मिशन के संस्थापक श्री सुधांशु जी महाराज के मानव कल्याण, व्यक्तित्व निर्माण और सामाजिक उत्थान के संदेश पर आधारित नारे लगाते हुए चलेंगे। इसमें गुरुदेव के संकल्प और संदेश को रामधुनि के साथ प्रसारित किया जाएगा। यह शोभा यात्रा सोमेश्वर महादेव मंदिर से रवाना होकर बीस दुकान और आदर्श नगर क्षेत्र से गुजरते हुए वापस सोमेश्वर महादेव मंदिर पहुंचेगी।

# सोजत रोड में रामनवमी पर्व पर आज निकलेगी भव्य शोभायात्रा

राजस्थान की राजनीति

**सोजत रोड(ललित तिवारी)।** कस्बे सहित क्षेत्र में रामनवमी पर्व को लेकर तैयारियां जोरों पर चल रही।कस्बे को भव्य आकर्षक रूप से सजाने के लिए श्री राम भक्त दिन-रात जुटे हुए हैं,एवं भव्य शोभा यात्रा हेतु तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया है। जिसमें सभी समाज के समाज बंधुओं सहित श्रीराम शोभायात्रा के पदाधिकारी तन मन धन से तैयारियों में जुटे हैं। वहीं मुख्य बाजार आज भगवामय नजर आ रहा है। मुख्य बाजार सहित विभिन्न मार्गों से भव्य शोभायात्रा निकलेगी।

# सवराड सप्तदेवी बायोसा मेले में उमड़े श्रद्धालू, मेले की पूर्व संध्या पर हुई भजन संध्या

राजस्थान की राजनीति



**सोजत रोड (ललित तिवारी)।** समीपवर्ती गांव सवराड(शिवराजपुर) में दुर्गासप्तशती देवी बायोसा का मेला हर वर्ष की भाती इस वर्ष भी भरा। पूर्व संध्या पर विशाल भजन संध्या हुई।बायोसा पुजारी भोलाराम भोपाजी ने बताया कि सात दिवसीय चेत्री नवरात्रा से मंदिर में हवन, कलश यात्रा, अखंड दीप, शैलीपुत्र घटस्थापना के साथ दुर्गा अष्ठमी का मेला आयोजन हुआ। रात्रि को विभिन्न कलाकारों ने भजनो की प्रस्तुति दी। गणपति व गुरु वंदना के साथ स्थानीय कलाकार गुडू मंडार द्वारा भजनो की शुरुआत की। उसके बाद एक से बढ़कर एक कलाकारों ने भजनो की प्रस्तुतियां दी।

### झांकिया रही आकर्षण का केन्द्र

मनोज रिया एंड पार्टी द्वारा मन मोहक झाँकिया प्रस्तुत की, जिसमे राधा कृष्ण, राम दरबार, हनुमान, कालका माताजी जैसे स्वरुप द्वारा मन मोहा। जिससे देर रात तक भक्ति की धारा बहती रही। मंगलवार सुबह गांव के जूनी धाम से 141 वी कलश यात्रा ढ़ोल नगाड़ा, बैंड व आकृषक झाँकिया के साथ गांव के मुख्य मार्गो से होते हुए महादेव मंदिर, रामदेव मंदिर से बायोसा मंदिर लाई गई वहां ध्वजा चड़ाई गई। मेले में सुबह से ही भक्तो का आने का ताँता बना रहा। जिसमें विभिन्न गावों से आये गेरियो द्वारा भी आकृषण का केंद्र रहा।जिसमे सवराड, मेलावास, चंडावल आदि गेरो का कॉम्पीटिशन हुआ ।जिसमे सभी को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

### इनका रहा सहयोग

भामाशाह अशोक कुमार, आरती देवी, दीपक, भरत कुमार, शिल्पा, मंजू, उषा, बालाराम, गोदावरी देवी प्रजापत,उदाराम, जसाराम देवड़ा वोपारी द्वारा महाप्रसादी का आयोजन हुआ। जिसमे आए भक्तो द्वारा प्रसादी कर बायोसा मंदिर नारियल अगरबत्ती धुप चढ़ाकर मनोकामना की गई व मेले में आये भक्तो व ग्रामीणों ने जमकर खरीददारी की। जिसमे झूले, मिठाई, फेंसी, कपडे, खाने पीने की वस्तुओ की खूब जमकर खरीददारी की गई। साथ ही आए भक्तो द्वारा गौमाता के सहयोग में 39718 रुपये की राशि गौशाला में प्राप्त हुई। जिसमे भोलाराम भोपाजी, बालाराम प्रजापत,सवराड सरपंच ममता महेंद्र कुमार प्रजापत,भवरलाल माली, मिठालाल, अमरचंद प्रजापत, उदाराम देवड़ा, देवीसिंह, शेषांराम, पंडित नितेश व्यास, दुर्गाराम, आरती, भरत कुमार, अशोक कुमार,रमेश,रवि, हर्ष, हर्षित, महेंद्र कुमार प्रजापत, नेमाराम,प्रवीण शर्मा, चुनीलाल सीरवी, व पुजारी परिवार, समस्त ग्रामवासी मेला की तयारी में लगे हुये हैं।

लोकसभा आम चुनाव-2024

# मतदान के अंतिम 48 घंटे के लिए दिशा निर्देश जारी, प्रथम चरण के निर्वाचन क्षेत्रों में 17 अप्रैल को शाम 6 बजे थमेगा प्रचार-प्रसार

राजस्थान की राजनीति

**दौसा (विष्णु आशीर्वाद)।** जिला निर्वाचन अधिकारी देवेंद्र कुमार ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव-2024 के लिए मतदान के अंतिम 48 घंटे के लिए दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 के अनुसार, प्रथम चरण के लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान की समाप्ति के लिए नियत किए गए समय के साथ समाप्त होने वाले 48 घंटों की अवधि 17 अप्रैल को सायं 6 बजे से आरंभ होकर मतदान समाप्ति की अवधि 19 अप्रैल को सायं 6 बजे तक प्रभावी रहेगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इन वाले 48 घंटों की कालावधि के दौरान निर्वाचन के संबंध में कोई सार्वजनिक सभा या जुलूस न बुलाएगा, न आयोजित करेगा, न उसमें उपस्थित होगा, न उसमें सम्मलिति होगा और न उसे संबोधित करेगा, चलचित्र, टेलीविजन या वैसे ही अन्य माध्यमों द्वारा जनता के समक्ष किसी निर्वाचन संबंधी बात का संप्रदर्शन नहीं करेगा, कोई संगीत समारोह या कोई नाट्य अभिनय या कोई अन्य मनोरंजन या आमोद-प्रमोद जनता के सदस्यों को उसके प्रति आकर्षित करने की दृष्टि से, आयोजित करके या उसके आयोजन की व्यवस्था करके, जनता के समक्ष किसी निर्वाचन संबंधी बात का प्रचार नहीं करेगा। उन्होंने बताया कि कोई व्यक्ति यदि इन उपबंधों का उल्लंघन करता है तो दो वर्ष तक कारावास या जुर्माना या दोनों सजा होगी। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने प्रासंगिक पत्रों के माध्यम से निर्देशित किया है कि कोई भी राजनैतिक व्यक्ति जो उस निर्वाचन क्षेत्र का मतदाता या अभ्यार्थी नहीं है अथवा सांसद या विधायक नहीं है, वह उस निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव प्रचार समाप्त होने के पश्चात नहीं ठहर सकता। यह भी निर्देश है कि राज्य की सुरक्षा कवच प्राप्त राजनैतिक व्यक्ति (अभ्यार्थी से भिन्न) यदि निर्वाचन क्षेत्र में मतदाता है तो वह अपने मताधिकार का उपयोग करने के बाद क्षेत्र में आवाजाही नहीं करेगा। उन्होने बताया कि इन निर्देशों की पालना निर्वाचन मशीनरी एवं पुलिस प्रशासन द्वारा सुनिश्चित करने के निर्देश आयोग ने दिए हैं, जिसमें सामुदायिक केंद्रों, धर्मशालाओं आदि जहां पर बाहरी व्यक्तियों को ठहराया जाता है उनकी निगरानी करने, गेस्ट हाऊस/लॉज/होटलों में ठहरने वाले व्यक्तियों की जानकारी/सत्यापन करने, बाहर से आने वाले वाहनों पर निगरानी रखने और इसके लिए चेक पोस्ट स्थापित करने और उनकी पहचान क्या है, सत्यापन करने की कार्यवाही भी शामिल है।

मतदान के अंतिम 48 घंटे के लिए दिशा निर्देश जारी

# प्रथम चरण के निर्वाचन क्षेत्रों में 17 अप्रैल को शाम 6 बजे थमेगा प्रचार-प्रसार

राजस्थान की राजनीति

**दौसा (विष्णु आशीर्वाद)।** जिला निर्वाचन अधिकारी देवेंद्र कुमार ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव-2024 के लिए मतदान के अंतिम 48 घंटे के लिए दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 के अनुसार, प्रथम चरण के लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान की समाप्ति के लिए नियत किए गए समय के साथ समाप्त होने वाले 48 घंटों की अवधि 17 अप्रैल को सायं 6 बजे से आरंभ होकर मतदान समाप्ति की अवधि 19 अप्रैल को सायं 6 बजे तक प्रभावी रहेगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इन वाले 48 घंटों की कालावधि के दौरान निर्वाचन के संबंध में कोई सार्वजनिक सभा या जुलूस न बुलाएगा, न आयोजित करेगा, न उसमें उपस्थित होगा, न उसमें सम्मलिति होगा और न उसे संबोधित करेगा, चलचित्र, टेलीविजन या वैसे ही अन्य माध्यमों द्वारा जनता के समक्ष किसी निर्वाचन संबंधी बात का संप्रदर्शन नहीं करेगा, कोई संगीत समारोह या कोई नाट्य अभिनय या कोई अन्य मनोरंजन या आमोद-प्रमोद जनता के सदस्यों को उसके प्रति आकर्षित करने की दृष्टि से, आयोजित करके या उसके आयोजन की व्यवस्था करके, जनता के समक्ष किसी निर्वाचन संबंधी बात का प्रचार नहीं करेगा। उन्होंने बताया कि कोई व्यक्ति यदि इन उपबंधों का उल्लंघन करता है तो दो वर्ष तक कारावास या जुर्माना या दोनों सजा होगी। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने प्रासंगिक पत्रों के माध्यम से निर्देशित किया है कि कोई भी राजनैतिक व्यक्ति जो उस निर्वाचन क्षेत्र का मतदाता या अभ्यार्थी नहीं है अथवा सांसद या विधायक नहीं है, वह उस निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव प्रचार समाप्त होने के पश्चात नहीं ठहर सकता। यह भी निर्देश है कि राज्य की सुरक्षा कवच प्राप्त राजनैतिक व्यक्ति (अभ्यार्थी से भिन्न) यदि निर्वाचन क्षेत्र में मतदाता है तो वह अपने मताधिकार का उपयोग करने के बाद क्षेत्र में आवाजाही नहीं करेगा। उन्होने बताया कि इन निर्देशों की पालना निर्वाचन मशीनरी एवं पुलिस प्रशासन द्वारा सुनिश्चित करने के निर्देश आयोग ने दिए हैं, जिसमें सामुदायिक केंद्रों, धर्मशालाओं आदि जहां पर बाहरी व्यक्तियों को ठहराया जाता है उनकी निगरानी करने, गेस्ट हाऊस/लॉज/होटलों में ठहरने वाले व्यक्तियों की जानकारी/सत्यापन करने, बाहर से आने वाले वाहनों पर निगरानी रखने और इसके लिए चेक पोस्ट स्थापित करने और उनकी पहचान क्या है, सत्यापन करने की कार्यवाही भी शामिल है।

# मतदान केन्द्र स्थापित वाले विद्यालयों में मतदान दलों की रवानगी दिवस 18 अप्रैल को

राजस्थान की राजनीति

**दौसा (विष्णु आशीर्वाद)।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा लोकसभा आम चुनाव 2024 के लिए घोषित चुनाव कार्यक्रम के अनुसार दौसा लोकसभा हेतु प्रथम चरण मे 19 अप्रेल 2024 (शुक्रवार) को मतदान होना निर्धारित हैं।
जिला निर्वाचन अधिकारी देवेन्द्र कुमार ने बताया कि जिले की लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में स्थित जिन विद्यालयों में मतदान केन्द्र स्थापित हैं, उन विद्यालयों में मतदान दलों की रवानगी दिवस 18 अप्रेल 2024 (गुरुवार) को स्थानीय अवकाश घोषित किया हैं।

# डीईओ देवेंद्र कुमार ने महवा विधानसभा के मतदान केन्द सलेमपुर पहुंचकर मतदाताओं से लोकसभा आम चुनाव में अधिकाधिक मतदान की अपील की एवं दिलाई शपथ

राजस्थान की राजनीति

**दौसा (विष्णु आशीर्वाद)।** जिला निर्वाचन अधिकारी देवेंद्र कुमार ने मंगलवार को लोकसभा आम चुनाव 2024 के तहत विधानसभा क्षेत्र महवा के कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केंद्र सलेमपुर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया एवं आम मतदाताओ को शपथ दिलवाकर लोकसभा आम चुनाव में मतदान दिवस 19 अप्रैल को अधिकाधिक संख्या में मतदान करने का आह्वान किया। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने आम मतदाताओं से वार्ता करते हुए कहा कि लोकसभा आम चुनाव में मतदान अवश्य कर लोकतंत्र में अपनी भागीदारी निभाएं एवं कला जत्था के माध्यम से भी मतदान हेतु मतदाताओ को प्रेरित किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी देवेंद्र कुमार ने बूथ पर आवश्यक आधारभूत सुविधाओं के तहत निर्बाध विद्युत व्यवस्था, मतदाताओं हेतु पेयजल व्यवस्था, शौचालय एवं दिव्यांग वोटर्स के लिए रैम्प व्यवस्था के बारे में जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को मतदान दिवस हेतु सुदृढ़ एवं सशक्त निर्वाचन प्रबंधन व्यवस्था स्थापित करने के दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर महवा एसडीएम लाखन सिंह गुर्जर सहित उपखंड स्तरीय अधिकारी, बूथ लेवल अधिकारी, कला जत्था के कलाकार तथा बड़ी संख्या में आम मतदाता उपस्थित रहे।

# 19 अप्रेल को स्थानीय अवकाश घोषित

राजस्थान की राजनीति

**दौसा (विष्णु आशीर्वाद)।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा लोकसभा आम चुनाव 2024 के लिए घोषित चुनाव कार्यक्रम के अनुसार दौसा लोकसभा हेतु प्रथम चरण मे 19 अप्रेल 2024 (शुक्रवार) को मतदान होना निर्धारित हैं।
जिला निर्वाचन अधिकारी देवेन्द्र कुमार ने बताया कि जिले की लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में स्थित जिन विद्यालयों में मतदान केन्द्र स्थापित हैं, उन विद्यालयों में मतदान दलों की रवानगी दिवस 18 अप्रेल 2024 (गुरुवार) को स्थानीय अवकाश घोषित किया हैं।

# डीईओ देवेंद्र कुमार ने महवा विधानसभा के मतदान केन्द सलेमपुर पहुंचकर मतदाताओं से लोकसभा आम चुनाव में अधिकाधिक मतदान की अपील की एवं दिलाई शपथ

राजस्थान की राजनीति

**दौसा (विष्णु आशीर्वाद)।** जिला निर्वाचन अधिकारी देवेंद्र कुमार ने मंगलवार को लोकसभा आम चुनाव 2024 के तहत विधानसभा क्षेत्र महवा के कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केंद्र सलेमपुर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया एवं आम मतदाताओ को शपथ दिलवाकर लोकसभा आम चुनाव में मतदान दिवस 19 अप्रैल को अधिकाधिक संख्या में मतदान करने का आह्वान किया। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने आम मतदाताओं से वार्ता करते हुए कहा कि लोकसभा आम चुनाव में मतदान अवश्य कर लोकतंत्र में अपनी भागीदारी निभाएं एवं कला जत्था के माध्यम से भी मतदान हेतु मतदाताओ को प्रेरित किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी देवेंद्र कुमार ने बूथ पर आवश्यक आधारभूत सुविधाओं के तहत निर्बाध विद्युत व्यवस्था, मतदाताओं हेतु पेयजल व्यवस्था, शौचालय एवं दिव्यांग वोटर्स के लिए रैम्प व्यवस्था के बारे में जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को मतदान दिवस हेतु सुदृढ़ एवं सशक्त निर्वाचन प्रबंधन व्यवस्था स्थापित करने के दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर महवा एसडीएम लाखन सिंह गुर्जर सहित उपखंड स्तरीय अधिकारी, बूथ लेवल अधिकारी, कला जत्था के कलाकार तथा बड़ी संख्या में आम मतदाता उपस्थित रहे।

# मतदान का बहिष्कार करने का किया निर्णय, ग्राम पंचायत सुमेल ग्राम पंचायत के सभी मतदाताओं ने लिया फैसला, शराब के ठेके की समस्या के चलते सुमेल गांव में विरोध, पिछले 16 दिनों से ग्रामीण बैठे है धरने पर

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर/सुमेल।** उपखंड जयपुर क्षेत्र के सुमेल ग्राम में शराब के ठेके की समस्या के चलते लोकसभा चुनाव में मतदाताओं ने मतदान का बहिष्कार करने के निर्णय के अनुसार बुधवार सुबह 10 बजे आम सभा बुलाने का निर्णय लिया है.आपको बता दे सुमेल ग्राम वासियों ने 19 अप्रेल को मतदान करने से इनकार कर दिया है।मतदाताओं ने शराब के ठेके की समस्या के चलते बहिष्कार करने की बात कहते हुए मतदान करने से इनकार कर दिया। आपको बता दे कि पिछले 16 दिन से लगातार ग्राम पंचायत सुमेल में जयसिंहपुरा खोर रोड पर आबादी क्षेत्र के बीच




संचालित शराब दुकान के विरोध में स्थानीय ग्रामीणों और महिलाओं द्वारा 16 दिन से लगातार अनिश्चितकालीन विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है।
सरपंच अजय सिंह राजावत ने बताया कि पूर्व में भी कलेक्टर, आबकारी आयुक्त और अन्य सभी प्रसाशनिक अधिकारी ,जनप्रतिनिधियों को शराब की दुकान को अन्यत्र स्थानांतरित करने की मांग की गई थी । साथ ही इसके लिए क्षेत्र में वोटिंग भी कराने की भी मांग की गई थी। लेकिन प्रशासन द्वारा कोई भी सुनवाई नहीं की जा रही है । इसलिए सुमेल ग्राम पंचायत के सभी मतदाताओं ने फैसला लिया है कि बुधवार को सुबह 10 बजे आम सभा बुलाकर सामूहिक रूप से चुनाव का बहिष्कार किया जायेगा। जब तक सरकार और प्रशासन हमारी मांग को पूरा नहीं करेगी तब तक ग्राम पंचायत के सभी मतदाताओं के द्वारा लोकसभा चुनाव का बहिष्कार किया जायेगा।
आपको बता दे कि शराब की दुकान के नजदीक जैन मंदिर, दुर्गा मंदिर एवं स्कूल होने से महिलाओं व बच्चों को आवागमन में परेशानी होती है। साथ ही आये दिन शराबियों द्वारा महिलाओं को परेशान किया जाता है जिसको लेकर स्थानीय ग्रामीण परेशान हो रहे है।

मेहंदीपुर बालाजी धाम में कुमार विश्वास करेंगे कथा वाचन

## 22-23 अप्रैल को होगा आयोजन, 20 बीघा भूमि में बनाया पंडाल



राजस्थान की राजनीति

**दौसा।** हनुमान जन्मोत्सव पर धार्मिक नगरी मेहंदीपुर बालाजी में एक बार फिर आस्था, भक्ति और भक्तों का संगम दिखाई देगा। इसे लेकर बालाजी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत डॉ नरेशपुरी गोस्वामी के सान्निध्य में अपने-अपने राम संगीतमय राम ऊर्जा सत्र का आयोजन किया जाएगा। दो दिवसीय आयोजन 22 व 23 अप्रैल को महंत किशोपुरी अस्पताल के पास स्थित परिसर में होगा। जिसमें आध्यात्मिक वक्ता डॉ. कुमार विश्वास द्वारा राम ऊर्जा सत्र में कथा की जाएगी। कार्यक्रम के लिए तैयारियां चल रही हैं। करीब 20 बीघा भूमि में पंडाल बनाया जा रहा है, जिसका प्रवेश द्वार बेहद आकर्षक तरीके के निर्मित होगा। इसके लिए कारीगर बैठक व्यवस्था के परिसर की साज-सज्जा में जुटे हैं। कथा में आने वाले विशिष्ट लोगों के लिए भी अलग से कैंपस बनाया जा रहा है। जबकि बैठक व्यवस्था के वाटर प्रूफ परिसर में उमस व गर्मी से बचाव के लिए भी अलग से बंदोबस्त किए जा रहे हैं। बता दें कि मेहंदीपुर बालाजी मंदिर ट्रस्ट धार्मिक कार्यों के साथ सामाजिक सरोकारों में भी अग्रणी रहा है। प्राकृतिक आपदाओं के वक्त मदद की बात हो या फिर बालिका शिक्षा को बढावा देने की। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भी प्रसादी भिजवाई गई थी। यहां पिछले वर्ष श्रीमद भागवत कथा का भव्य आयोजन कराया था।

मीटिंग के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता आपस में भिड़े

## जाहिदा खान-मुख्तियार अहमद के समर्थकों में हाथापाई; प्रत्याशी नाराज होकर लौटीं



राजस्थान की राजनीति

**भरतपुर।** डीग जिले के कामां विधानसभा में कांग्रेस की मीटिंग में पूर्व विधायक जाहिदा खान और मुख्तार अहमद के समर्थक आपस में भिड़ गए। वहां मौजूद लोगों ने बताया कि समर्थकों को जाहिदा खान और मुख्तार अहमद में खींचतान हुई। मौके पर मौजूद लोगों ने बड़ी मुश्किल से मामले को शांत करवाया। कांग्रेस जाटव संजना जाटव लोगों से मीटिंग कर रहीं थी उस दौरान घटना हुई। कार्यक्रम में मौजूद कार्यकर्ताओं ने बताया कि आज कांग्रेस विधानसभा के कुछ इलाकों में कांग्रेस की मीटिंग थी। जिसमें पूर्व विधायक जाहिदा खान, कांग्रेसी नेता मुख्तार अहमद और कांग्रेस प्रत्याशी संजना जाटव सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे। सभी कांग्रेसी नेता खेड़ला नोआवाद पहुंचे। जहां कांग्रेस के कार्यकर्ता मुबीन ने एक छोटी से सभा अरेंजमेंट किया था। जहां सिर्फ के तखूत लगाया गया था। वहां कार्यकर्ताओं के बैठने के लिए कुर्सियां नहीं थी। तब कांग्रेसी नेता तखूत पर बैठ गए। इतने में वहां मौजूद एक कार्यकर्ता जाहिदा खान और संजना जाटव के लिए दो कुर्सियां ले आया। तब बाकी के नेता तखूत पर बैठे रहे। सबसे पहले जाहिदा खान ने भाषण देना शुरू किया। इस दौरान जाहिदा खान ने अपने भाषण में कहा कि कुछ कांग्रेस के कार्यकर्ता बीजेपी की टीम बी की तरह काम कर रहे हैं। जिसके बाद संजना जाटव ने अपना भाषण दिया। तब मुख्तियार अहमद ने कहा कि मैं भी भाषण देना चाहता हूं। जिसके इस बात को लेकर जाहिदा खान और मुख्तियार अहमद में कहासुनी हो गई। इतने में दोनों के समर्थक आपस में भिड़ गए। दोनों के समर्थकों में जमकर कहासुनी और हाथापाई हुई। वहां मौजूद बाकी कार्यकर्ताओं ने जैसे तैसे मामले को शांत करवाया। एक व्यक्ति ने घटना का वीडियो बना लिया। जिसे उसने सोशल मीडिया पर डाल दिया। इस घटना के कांग्रेस प्रत्याशी संजना जाटव वहां से नाराज होकर चली गई।

बयाना के रवि मीना का यूपीएससी में चयन

## आठवें प्रयास में हासिल की 625वीं रैंक, वर्तमान में इनकम टैक्स इंस्पेक्टर के पद पर हैं कार्यरत

राजस्थान की राजनीति



**बयाना।** यूपीएससी ने मंगलवार को सिविल सेवा परीक्षा 2023 का परिणाम घोषित कर दिया है। बयाना उपखंड क्षेत्र के गांव पीरी किरार के रवि मीना ने परीक्षा में 625वीं रैंक हासिल की है। फिलहाल रवि की पूरी फैमिली जयपुर रह रही है। रवि का यह आठवां प्रयास था। रवि वर्तमान में इनकम टैक्स इंस्पेक्टर के पद पर दिल्ली में कार्यरत हैं। रवि के पिता रमेश चंद मीणा एलआईसी से वरिष्ठ महाप्रबंधक के पद से रिटायर्ड हैं। उनकी एजुकेशन भी जयपुर से हुई है। रवि ने बताया कि सिविल सर्विस एग्जाम में उनका सब्जेक्ट लोक प्रशासन रहा। बीए पूरी करने के बाद एसएससी के जरिए 7 साल पहले उनकी इनकम टैक्स इंस्पेक्टर के पद पर नियुक्ति हो गई थी। इसके बाद तभी से वह लगातार सिविल सर्विस की तैयारी कर रहे थे। उन्होंने बताया कि जॉब में रहकर तैयारी करना थोड़ा टिपिकल होता है। लेकिन टाइम मैनेजमेंट करके उन्होंने परीक्षा में सफलता हासिल की है। उन्होंने सिविल सेवा की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों से परीक्षा की विषय वस्तु पर फोकस रखकर रेगुलर स्टडी पर जोर देने का संदेश दिया है।

डॉ.किरोड़ीलाल बोले- बीजेपी प्रत्याशी तो एकदम गाय है

# उसके साथ धोखा करोगे तो गौ-हत्या करोगे; गुर्जर आरक्षण को नवीं अनुसूची में डलवाएंगे

राजस्थान की राजनीति



**दौसा।** कैबिनेट मंत्री डॉ. किरोडीलाल मीणा ने सोमवार की शाम को सिकराय विधानसभा क्षेत्र के गंडरावा गांव में भाजपा प्रत्याशी कन्हैयालाल मीणा के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। जहां उन्होंने आरक्षण को नवीं अनुसूची में शामिल करवाने समेत कई बातें कहीं।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी मुरारीलाल मीणा तो फिलहाल दौसा से विधायक हैं, ऐसे में फिर से चुनाव करवाने पड़ेंगे। जबकि भाजपा प्रत्याशी कन्हैयालाल तो बिल्कुल गाय है। यदि उसके साथ धोखा करोगे तो आप लोग गौ-हत्या का पाप लगेगा, क्योंकि ऐसा सीधा आदमी मैंने राजनीति में आज तक नहीं देखा।

मंत्री ने कहा कांग्रेस दुष्प्रचार कर रही है कि यदि फिर से मोदी सरकार बनी तो एसटी-एससी का आरक्षण खत्म कर देंगे। जबकि पहले जब आरक्षण पर आंच आई थी तो मैंने ही बचाया था। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी पर निशाना साधते हुए कहा जब आरक्षण पर आंच आई तो वह बसपा का विधायक था, जिसने हमारा साथ नहीं दिया था। जबकि उस वक्त कन्हैयालाल ने मेरा साथ दिया था, इसलिए मैं सभी से अपील करता हूं कि उन्हें जिताओ।

### आचार संहिता में घोषणा करते हुए बोले- आरक्षण को नवीं अनुसूची में कराएंगे शामिल

मंत्री किरोड़ीलाल ने कहा उस वक्त आरक्षण की लड़ाई के कारण गुर्जर समाज मेरे से नाराज हुआ, लेकिन हम सवाई माधोपुर व महवा से चुनाव लड़े तो गुर्जर समाज ने वोट दिए और जीत कर विधानसभा में पहुंचे। गुर्जर समाज के साथ अन्याय हुआ और मीणा समाज की भी कई मांगे कांग्रेस सरकार में पूरी नहीं हो पाई। मैं घोषणा करता हूं कि गुर्जर समाज के आरक्षण को भी नवीं अनुसूची में डलवाएंगे, जिससे कोई छेड़छाड़ नहीं हो सकेगी। क्योंकि 5% गुर्जर आरक्षण के कारण आरक्षण की सीमा संवैधानिक दायरे से ज्यादा 55% हो चुकी है। यदि सुप्रीम कोर्ट का फैसला आ जाए गुर्जरों के साथ एसटी-एससी का आरक्षण को भी संकट आ सकता है। इसलिए अबकी बार 400 पार मोदी सरकार बनने के बाद आरक्षण को नवी अनुसूची में शामिल कराया जाएगा।

### पीएम मोदी को बताया खास मित्र

उन्होंने कहा पीएम नरेंद्र मोदी ने देश ताकतवर बनाया है। राजेश पायलट, पंडित नवल किशोर शर्मा व सचिन पायलट बहुत बड़े नेता हैं, लेकिन एक डॉ. किरोडीलाल मीणा ही ऐसा नेता है जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नांगल मीणा हाईकोर्ट में खड़ा कर सकता है। 2018 में भी मोदी आए थे और अब दौसा में भी वोट की अपील करने आए। यही तो हमारी मित्रता है।

### कांग्रेस ने डॉक्टर अंबेड़कर को चुनाव हरवाया था

मंत्री ने कहा- मुझसे कहा आरक्षण को लेकर फैलाई जा रहे भ्रम को दूर करना होगा। इसके बाद पीएम ने बाड़मेर में बयान दिया कि अब तो भीमराव अंबेड़कर भी आ जाए तो आरक्षण नहीं बदल सकता। कांग्रेस को माई-बाप मानने वाले एसटी-एससी के लोगों को कहना चाहता हूं कि देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू आरक्षण के पूरी तरह खिलाफ थे, लेकिन डॉ. अंबेड़कर की वजह से हमें यह संवैधानिक अधिकार मिला है। डॉ. अंबेड़कर को पंडित नेहरू ने दो बार चुनाव हरवाया था, इसलिए कांग्रेस से सावधान रहना होगा।

### खेतों में आएगा चंबल का पानी

उन्होंने कहा दिल्ली से मुंबई तक देश की सबसे बड़ी सड़क नरेंद्र मोदी की सरकार ने बनाई है, कांग्रेस तो अब तक सो ही रही थी। 1988 से मैं चंबल का पानी लाने की मांग करता आ रहा था, लेकिन कांग्रेस ने हमारी बात नहीं सुनी और अब भाजपा की डबल इंजन सरकार में यह सपना पूरा होने जा रहा है।

### राम विरोधी कांग्रेस को सबक सिखाएंगे

किरोड़ीलाल मीणा ने कहा कांग्रेस ने सत्ता पाने के लिए जातियों को आपस में लड़वाया। तुष्टिकरण की राजनीति की जिसका परिणाम यह हुआ कि 500 साल तक अयोध्या में भगवान राम का मंदिर नहीं बन पाया, अब मोदी सरकार में यह सपना पूरा हुआ है। क्योंकि कांग्रेस ने तो भगवान राम के अस्तित्व को ही नकार दिया था और रामसेतु के मामले में भी कोर्ट में हलफनामा दिया था। इसलिए हमें राम विरोधी कांग्रेस को सबक सीखना है।

### फूफा को हराने का संकल्प लिया है

उन्होंने कहा- मुरारीलाल मीणा ने मेरा कभी साथ नहीं दिया। वह रिश्ते में मेरा मामा लगता है, वही मामा कंस-शकुनी ने महाभारत करवा दी थी। श्रीकृष्ण ने कंस का साथ नहीं दिया था। अब वह कह रहे हैं कि उनका फूफा लगता हूं। पंच-पटेलों से पूछना चाहता हूं कि रिश्ता पगड़ी का होता है या फिर लहंगा का। क्योंकि रिश्ता तो पगड़ी का ही होता है और यदि लहंगा का मान भी ले तो उसने मेरी बुआ सविता का टिकट कटवाया है। मैंने फूफा (मुरारीलाल) को हरवाने का संकल्प और प्रतिज्ञा ली है। इस दौरान विधायक विक्रम बंशीवाल, पूर्व राज्यसभा सांसद रामकुमार वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रभुदयाल शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष अमर सिंह कसाना समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

राजस्थान से बाहर भी फैला फर्जी डिग्री गैंग का नेटवर्क

# दूसरे राज्यों से डिग्री लेने आते थे अभ्यर्थी, कमीशन पर बना रखे थे एजेंट

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** फर्जी डिग्री और सर्टिफिकेट से सैकड़ों लोगों को सरकारी नौकरी लगाने वाली गैंग का नेटवर्क राजस्थान से बाहर तक फैला हुआ है। सरकारी नौकरी के लिए डिग्री लेने दूसरे राज्यों से भी लोग इस गैंग के पास आया करते थे। 10 साल से सक्रिय गिरोह ने इतना बड़ा जाल फैलाया कि कमीशन पर एजेंट बना रखे थे, जो अभ्यर्थियों के लिए फर्जी डिग्री और सर्टिफिकेट लेने के लिए आते थे। यू-ट्यूब चैनलों के जरिए ये लोग कमजोर अभ्यर्थियों के संपर्क में आते और उनकी जरूरत को देखकर ये लोग फर्जी डिग्री ही नहीं डमी कैंडिडेट की भी व्यवस्था करते थे। सूत्रों की माने तो गैंग के मास्टरमाइंड कई प्राइवेट यूनिवर्सिटी में बैठे हैं। एसओजी के एडीजी वीके सिंह ने बताया कि गिरोह की ओर से फर्जी डिग्री, फर्जी मेडल और बैक डेट में एडमिशन दिलाने का काम किया जाता है। मामले में आरोपी सुभाष पूनिया (52) पुत्र गुरुदयाल निवासी बेरासर घुमाना थाना राजगढ़ (चूरू), उसके बेटे परमजीत हाल पीटीआई राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल गुर्जा पंचायत समिति बसेड़ी (धौलपुर) और प्रदीप शर्मा निवासी सरदार शहर (चूरू) को गिरफ्तार किया। इनसे पूछताछ के बाद बीकानेर सीबीईओ ऑफिस में यूडीसी मनदीप सांगवान, उच्च माध्यमिक स्कूल देशनोक (बीकानेर) में यूडीसी जगदीश और फर्जी डिग्री प्रिंट करने वाले राकेश कुमार निवासी सरदारशहर (चूरू) को भी गिरफ्तार किया गया। गिरोह के पकड़े गए सभी 6 आरोपी 16 अप्रैल तक रिमांड पर है। गिरोह में शामिल 11 सदस्यों को स्त्र टीम ने चिह्नित किया है, जिनको पकड़ने के लिए दबिश दी जा रही है।

### चुनाव में ड्यूटी दे रहे अफसर, इसलिए हो रही परेशानी

एडीजी वीके सिंह ने बताया कि उनकी मौजूदा समय में सबसे बड़ी परेशानी फोर्स की है। उनके ऑफिसर इस समय चुनाव ड्यूटी पर लगे हुए हैं। इस समय जब एसओजी को सबसे अच्छे ऑफिसर की जरूरत है तो उनको चुनाव ड्यूटी देनी पड़ रही हैं। इसके कारण गिरफ्तारी और कार्रवाई रुकी हुई है। चुनाव के बाद दोबारा से एसओजी एक्शन मोड पर दिखाई देने वाली है। एसओजी अभी उन लोगों को ही गिरफ्तार कर रही है, जिनके भागने की संभावना है। फर्जी डिग्री देने



वाले लोग बिना यूनिवर्सिटी की मिलीभगत के इतना बड़ा काम नहीं कर सकते हैं। आने वाले दिनों ने प्राइवेट यूनिवर्सिटी पर एसओजी एक्शन करेगी।

### 50 हजार से 2 लाख तक में बेच रहे थे फर्जी डिग्री

एसओजी ने गिरोह के बदमाशों से ओपीजेएस समेत 7 यूनिवर्सिटी की फर्जी डिग्रियां, माइग्रेशन सर्टिफिकेट, प्रोविजनल सर्टिफिकेट, चरित्र प्रमाण पत्र, खेल प्रमाण पत्र, भरी हुई उत्तर पुस्तिकाएं, सैकड़ों स्टूडेंट की मार्कशीट, आधार कार्ड, यूनिवर्सिटी की फर्जी सील, चेक बुक समेत अन्य दस्तावेज बरामद किए हैं। आरोपी 50 हजार से 2 लाख तक रुपए में फर्जी डिग्री धड़ल्ले से बेच रहे थे। आरोपियों से हुई पूछताछ में सामने आया है कि सुभाष पूनिया दलाली का काम करता है। पीटीआई परमजीत यूनिवर्सिटी में बैक डेट में एडमिशन दिलाने, फर्जी खेल प्रमाण पत्र, फर्जी मेडल और फर्जी डिग्री देने का काम करता है। मनदीप और जगदीश सरकारी नौकरियों में भारत के लिए खेल कोटे से आवेदन करने वाले, खेलों के जरिए भर्ती होने वाले अभ्यर्थियों को ढूंढ कर लाते थे और उनको परमजीत को सौंप देते थे। परमजीत उनसे लाखों रुपए वसूल कर फर्जी डिग्री बनाकर दे देता था।

### फर्जी डिग्री-सर्टिफिकेट से 100 लोगों की सरकारी नौकरी लगाई

डीआईजी एसओजी परिस देशमुख ने बताया कि खास बात यह है कि मनदीप ने अपनी पत्नी सुमन समेत 100 से ज्यादा लोगों को फर्जी डिग्री, खेल प्रमाण पत्र और मेडल के जरिए पीटीआई जैसी नौकरियां लगवा दी। सरकारी नौकरी लेने वालों की संख्या सैकड़ों में होने वाली है। हालांकि जैसे ही एसओजी ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया तो फर्जी डिग्री डमी कैंडिडेट खेल प्रमाण पत्र के जरिए पीटीआई की नौकरी हासिल करने वाली मनजीत की पत्नी सुमन और उसके अन्य रिश्तेदार गणपत लाल, विक्रम, नरेंद्र सिंह फरार हो गए।

एसओजी की जांच पड़ताल के दौरान सामने आया है कि मनदीप और जगदीश सरकारी नौकरियां के लिए खेलकोटे के तहत और खेल प्रमाण पत्र के तहत आवेदन करने के लिए आने वाले अभ्यर्थियों की खोज सोशल मीडिया के जरिए करते थे। मनदीप और जगदीश ने यूट्यूब पर अपने चैनल और पेज भी बना रखे थे, जहां दोनों बदमाश एक बड़ा विज्ञापन देकर युवाओं को बरगलाते थे। खेल कोटे से होने वाली भर्ती में किसी भी प्रकार की कोई कमी रह जाती थी तो यह शख्स फर्जीवाड़ा कर उन कमियों को दूर करते और उनको सरकारी नौकरी लगने का दावा भी करते थे।

### पहले ओपीजेएस यूनिवर्सिटी में काम करता था सुभाष पूनिया

ओपीजेएस यूनिवर्सिटी समेत कई यूनिवर्सिटी इस फर्जीवाड़े में शामिल है। अगर कोई भी जांच एजेंसी उनके खिलाफ जांच पड़ताल करती तो यह शख्स पहले से ही उत्तर पुस्तिकाएं भी तैयार करवा लेते थे, ताकि उनकी चोरी किसी के पकड़ में ना आ सकें। ग्रुप की जांच पड़ताल के दौरान सामने आया है कि 100 से ज्यादा अभ्यर्थियों ने फर्जी डिग्री के जरिए पीटीआई सरकारी नौकरियां हासिल की। यह तमाम अभ्यर्थी अब एसओजी की रडार पर हैं।

गैंग का सरगना सुभाष पहले ओपीजेएस यूनिवर्सिटी में काम करता था। अपनी सांठगांठ से सुभाष ने कई यूनिवर्सिटी में अच्छे संबंध बना लिए थे। इसी के चलते उसने मनदीप, जगदीश और प्रदीप को अपने गैंग में शामिल कर लिया। वहीं राकेश अपनी प्रिंटिंग की दुकान चलाता था और इसी दुकान पर फर्जी डिग्रियां तैयार करवाकर दी जाती थी। एसओजी ने राकेश और प्रदीप के यहां से लैपटॉप, कंप्यूटर समेत अन्य दस्तावेज जब्त किए हैं। इसके साथही सैकड़ों स्टूडेंट की मार्कशीट, फर्जी डिग्रियां, माइग्रेशन सर्टिफिकेट समेत चरित्र प्रमाण पत्र बरामद किए हैं। एसओजी बरामद किए गए अब इन सर्टिफिकेट्स और डिग्री के आधार पर उन सभी अभ्यर्थियों की तलाश में जुट गई है, जिन्होंने फर्जी डिग्री के लिए बड़े पैमाने पर रुपए दिए हैं। फर्जी डिग्री से सरकारी नौकरी हासिल कर सरकारी विभागों में कार्यरत तमाम लोगों पर अब गिरफ्तारी की तलवार लटक गई है।

# जयपुर में ज्वेलर ने सुसाइड से पहले बनाया वीडियो: बोला- सट्टा लगवाकर 35 लाख लूटे, 3 लोगों के बताए नाम; घर में ही लगाया फंदा

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** जयपुर में एक ज्वेलर ने फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। मरने से पहले ज्वेलर ने वीडियो भी बनाया, जिसमें कुछ लोगों पर सट्टा लगवाकर 35 लाख रुपए लूटने का आरोप लगाया। ज्वेलर ने अपनी मौत के जिम्मेदारों से 35 लाख रुपए लेकर घरवालों को दिलाने की पुलिस प्रशासन से अपील की है।

एसएचओ (मुरलीपुरा) सुनील कुमार ने बताया- बंधु नगर, मुरलीपुरा निवासी राकेश प्रजापत (32) पुत्र श्रवण लाल प्रजापत ने सुसाइड किया है। वह अपने माता-पिता, भाई-भाभी, पत्नी और दो बच्चों के साथ यहां रहता था। घर के नीचे ही श्री श्याम ज्वेलर्स के नाम से दुकान करता था।

सोमवार को दोपहर करीब 2 बजे दुकान बंद करके घर के अंदर चला गया और 2 मंजिला मकान की छत पर बने स्टोर में साड़ी का फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। करीब आधे घंटे बाद ज्वेलर की भतीजी स्टोर में पहुंची तो वह फंदे से लटका मिला।

### चाचा का शव देख जोर से चिल्लाई भतीजी

चाचा राकेश को फंदे से लटका देखकर भतीजी ने जोर-जोर से चीखना-चिल्लाना शुरू किया। बच्ची के चिल्लाने की आवाज सुनकर परिजन भी छत पर पहुंचे तो स्टोर में राकेश को फंदे से लटका देखकर दंग रह गए। इसके बाद शोर मचा कर पड़ोसियों को बुलाया और फंदे से राकेश को नीचे उतारकर मणिपाल हॉस्पिटल पहुंचाया। हॉस्पिटल में डॉक्टर्स ने राकेश को मृत घोषित कर दिया। मेडिकल सूचना पर पहुंची पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के लिए शव को कांवटिया हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी भिजवाया।

सीएम भजनलाल की मां आरबीएम अस्पताल में भर्ती

## सांस लेने में हुई तकलीफ, डॉक्टरों की टीम कर रही है देखरेख



राजस्थान की राजनीति

**भरतपुर।** सीएम भजन लाल शर्मा की मां की तबीयत अचानक खराब हो गई। उन्हें सांस लेने में तकलीफ हो रही थी, जिसके बाद उन्हें भरतपुर के आरबीएम अस्पताल में भर्ती किया गया है। सीनियर डॉक्टर्स की टीम उनकी देखरेख कर रही हैं। फिलहाल उन्हें आईसीयू में भर्ती किया गया है। फिजीशियन डॉक्टर विवेक भारद्वाज ने बताया- सीएम की मां गोमती देवी लंबे समय से सांस, ब्लड प्रेशर और थायराइड की मरीज रहीं हैं। कल से उन्हें बुखार और सांस लेने में दिक्कत हो रही थी, इसलिए उन्हें आरबीएम अस्पताल में भर्ती किया गया है। शरीर के अंदर कार्बन डाई ऑक्साइड इकट्?ठी हुई है, जिसे निकालने के लिए रूटीन की प्रक्रिया की जाएगी। फिलहाल गंभीर बात नहीं है। सीएम की मां गोमती देवी और पिता किशन स्वरूप शर्मा जवाहर नगर वाले घर पर रहते हैं। कभी वह सीएम भजन लाल शर्मा के पास जयपुर चले जाते हैं तो कभी अटारी अपने गांव चले जाते हैं। दोनों की देखभाल के लिए सीएम के परिवार के लोग उनके घर पर आते रहते हैं। इसके परिवार का एक सदस्य सीएम के माता- पिता के पास रहता है। इसके अलावा देखरेख के लिए कुछ कर्मचारियों को भी लगाया गया है।

दुर्गाष्टमी पर कैला देवी मंदिर में भरा मेला

## 60 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने किए दर्शन, यूपी, एमपी और हरियाणा से भी पहुंचे लोग

राजस्थान की राजनीति



**बयाना।** चैत्र नवरात्रि की दुर्गाष्टमी पर मंगलवार को घरों और मंदिरों में भक्ति का माहौल रहा। देवी उपासकों ने अष्टमी पर देवी मां की विशेष पूजा अर्चना की। इधर, भरतपुर जिले के प्रमुख आस्थाधाम श्री कैलादेवी झील का बाड़ा बयाना में श्रद्धालुओं की आस्था का सैलाब उमड़ता दिखाई दिया। माता के दर्शनों के लिए सुबह से ही राजस्थान सहित उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली आदि राज्यों से आए श्रद्धालुओं के आने का दौर शुरू हो गया। मंदिर भवन के बाहर दिनभर श्रद्धालुओं की कतारें लगी रहीं। दुर्गाष्टमी पर राजराजेश्वरी कैला माता का विशेष श्रृंगार किया गया। दुर्गाष्टमी पर मंदिर में महाआरती और विशेष अनुष्ठान का आयोजन हुआ। घंटे-घड़ियालों की ध्वनि और माता रानी के जयकारों से पूरा मेला परिसर गुंजायमान हो उठा। श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन कर उन्हें बीड़ा, पान, बताशे, हलवा, चना और मिठाई का भोग अर्पित किया। मंदिर भवन के प्रांगण में महिला श्रद्धालुओं ने नगाड़े की धुन पर नृत्य कर मां को मनाया। श्रद्धालुओं की अधिक भीड़ को देखते हुए मेले में तैनात पुलिसकर्मियों को भी खासी मशक्कत करनी पड़ी। इस दौरान डिप्टी एसपी अमर सिंह मीना और सदर एसएचओ रामदीन शर्मा ने कानून व्यवस्था का मोर्चा संभाला। मेले में मौजूद नायब तहसीलदार बालस्वरूप धाकड़ ने बताया कि मंगलवार को करीब 60 हजार श्रद्धालु दर्शनों के लिए पहुंचे। सुबह से ही श्रद्धालुओं की लगातार कतारें लगी रहीं। माता के दर्शनों के बाद महिला श्रद्धालुओं ने परंपरा का निर्वाह करते हुए मेले में सजी दुकानों पर कांच की हरी चूड़ियां पहनी और हाथों में मेहंदी भी लगवाई। मेले में बड़ी संख्या में छोटे बच्चों के मुंडन संस्कार कार्यक्रम भी हुए। माता के दर्शनों के बाद श्रद्धालुओं ने मेले में सजी दुकानों पर खरीदारी की। लोगों ने घरों में काम आने वाली वस्तुओं सहित बच्चों के खेल-खिलौनों की भी जमकर खरीददारी की। इसके साथ ही मेले में चाट, मिठाई, गन्ने का जूस, कुल्फी आदि का भी लुत्फ उठाया।

चिंतन

# नक्सलवाद के खिलाफ कठोर कार्रवाई जरूरी

नक्सलवाद राष्ट्र की आंतरिक सुरक्षा के लिए खतरा बना हुआ है। लोकसभा चुनाव से पहले छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने नक्सलियों के खिलाफ बड़े एक्शन को अंजाम दिया है। यह सरकार की ओर से दो टूक संदेश है कि नक्सलवाद के खिलाफ अभियान नहीं रुकेंगे, चुनाव में किसी भी प्रकार की गड़बड़ियों के बारे में नक्सली सोचे भी नहीं और नक्सलवाद के दिन गिने चुने ही बचे हैं। इस एक्शन से बस्तर जैसे नक्सली क्षेत्र में लोगों का डर कम होगा और लोग चुनाव में खुलकर भाग लेंगे। हाल ही में गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि सरकार अगले तीन साल में नक्सलवाद का खात्मा कर देगी। ऐसे अभियान इसी संकल्प के फलित हैं। देश के नक्सल प्रभावित राज्यों में नक्सलियों के खिलाफ सरक्षा बलों के ऑपरेशन्स चलते रहते हैं। किसी भी मांग के लिए हिंसा का रास्ता सही नहीं हो सकता है। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान महात्मा गांधी का अहिंसक आंदोलन इसका सर्वश्रेष्ठ उदाहरण है। लोकतांत्रिक प्रणाली में सुधार व बदलाव एक सतत प्रक्रिया है, यह सिस्टम में रहकर आसानी से किया जा सकता है, लेकिन परिवर्तन की यूटोपियाई कल्पना को साकार करने के लिए अंध हिंसा का मार्ग अंधकार के गर्त में ही ले जाएगा। अपने ही राष्ट्र के बेकसूर लोगों के खिलाफ हिंसा हमेशा अस्वीकार्य है। पश्चिंम बंगाल के दार्जीलिंग क्षेत्र के नक्सलबाड़ी से वर्ष 1967 में शुरू नक्सलवाद वर्ष 2024 तक एक आंदोलन समूह से हिंसक गुट में बदल चुका है। भारत करीब छह दशक से नक्सलवाद से प्रभावित है तो चार दशक से आतंकवाद से। नक्सलवाद के चलते सैकड़ों सुरक्षा बलों व बेकसूर नागरिकों की जान गई है। छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र में कांकेर जिले में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के संयुक्त दल ने नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई की है। छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले में पुलिस ने घोषणा की है कि जो लोग नक्सलियों की गिरफ्तारी या उनके मारे जाने में पुलिस की मदद करेंगे उन्हें आरक्षक के रूप में भर्ती किया जाएगा तथा पांच लाख रुपये का नकद इनाम दिया जाएगा। यह छत्तीसगढ़ सरकार की दृढ़ता को दर्शाता है। नक्सली 2017-18 से महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ (एमएमसी-जोन) के ट्राई-जंक्शन जंगल में अपना नया आधार स्थापित करने का प्रयास कर रहे हैं। इसमें बालाघाट (मध्य प्रदेश), गोंदिया (महाराष्ट्र) और छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव, मुंगेली और कबीरधाम जिले शामिल हैं। माओवादियों का 'विस्तार प्लाटून' एमएमसी जोन में अपनी गतिविधियों के विस्तार की देखरेख कर रहा है। आजकल देश में अर्बन नक्सलिज्म यानी शहरी नक्सलवाद जैसे शब्द भी चल रहे हैं, जो वैचारिक विरोध के अर्थ में वामपंथी विचारकों व नक्सलियों के प्रति सहानुभूति रखने वालों के लिए प्रयुक्त हो रहे हैं। देश में वर्ष 2004 से नक्सलवाद तीसरे चरण में हैं, प्रथम चरण- वर्ष 1967 से 1980 तक रहा, दूसरा चरण- वर्ष 1980 से 2004 तक का समय रहा। नक्सलवाद की विकटता को देखते हुए वर्ष 2006 में सरकार ने अलग प्रभाग बनाया। सरकार नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षा बलों के एक्शन्स के साथ नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे, कौशल विकास, शिक्षा, ऊर्जा और डिजिटल कनेक्टिविटी के विस्तार पर काम कर रही है। वर्ष 2013 में रोजगार प्रशिक्षण के लिए रोशनी शुरू हुई, तो वर्ष 2017 में केंद्र सरकर ने आठ सूत्रीय 'समाधान' नाम से एक कार्ययोजना शुरु की। ऑपरेशन आल आउट चल रहे हैं। समर्पण करने वाले नक्सलियों के पुनर्वास की व्यवस्था की जा रही है। मुट्ठी भर नक्सली देश-विदेशी मदद के जरिये सुरक्षा बलों के लिए चुनौती बने हैं, इसलिए नक्सलवाद का खात्मा जरूरी है।

रामनवमी
अरविंद जयतिलक



# आदर्श समाज निर्माण का संदेश

बुधवार को रामनवमी है, प्रभु श्रीराम का अवतार दिवस। संसार के समस्त पदार्थों के बीज उनमें ही निहित है और वे संसार के सूत्रधार हैं। उन्हें वैदिक सनातन धर्म की आत्मा और परमात्मा कहा गया है।

भगवान श्रीराम ने रावण का वध कर मानव जाति को संदेश दिया कि सत्य और धर्म का अनुसरण कर जगत को आसुरी शक्तियों से मुक्त किया जा सकता है। सत्य के पर्याय भगवान श्रीराम सद्गुणों के भंडार हैं, इसीलिए भारतीय जनमानस उनकी जीवन पद्धति को अपना उच्च आदर्श मानता है। शास्त्रों में भगवान श्रीराम को लोक कल्याण का पथप्रदर्शक और विष्णु के दस अवतारों में से सातवां अवतार कहा गया है। वाल्मीकि कृत रामायण और तुलसीकृत रामचरितमानस में भगवान श्रीराम की महिमा और उनके आदर्शों का गुणगान किया गया है। उनके उपदेशों और आचरण को जगतकल्याण का मार्ग बताया गया है। वे दुष्टों के संधारक और संतों के रक्षक हैं। उन्होंने दुष्टों का संहार कर पृथ्वी पर धर्म की स्थापना की और लोकमंगल के कार्य किए। भगवान श्री राम का जीवनकाल एवं पराक्रम महर्षि वाल्मीकि द्वारा रचित संस्कृत महाकाव्य रामायण के रूप में लिखा गया है। महान संत तुलसीदास ने भी भगवान श्रीराम पर भक्ति काव्य रामचरितमानस की रचना की है जो केवल भारत में ही नहीं बल्कि विश्व के कई देशों की कई भाषाओं में अनुदित है। संसार भी भगवान श्रीराम को मर्यादा पुरुषोत्तम मानता है। वे एक आदर्श भाई, आदर्श स्वामी और प्रजा के लिए नीति कुशल व न्यायप्रिय राजा हैं। भगवान श्रीराम का रामराज्य जगत प्रसिद्ध है। हिंदू सनातन संस्कृति में भगवान श्रीराम द्वारा किया गया आदर्श शासन ही रामराज्य के नाम से प्रसिद्ध है। आज भी शासन की विधा के तौर पर रामराज्य को ही उत्कृष्ट माना जाता है। संसार भगवान श्रीराम को मर्यादा पुरुषोत्तम मानता है। इसलिए कि उन्होंने प्रतिकूल परिस्थितियों में भी सत्य और मर्यादा का पालन करना नहीं छोड़ा। पिता का आदेश मान वन गए। भगवान श्रीराम ने मर्यादा के पालन के लिए राज्य, मित्र, माता-पिता और यहां तक कि पत्नी का भी साथ छोड़ा। राम रघुकुल में जन्मे थे जिसकी परंपरा 'रघुकुल रीति सदा चलि आई, प्राण जाई पर बचन न जाई' की थी। उन्होंने अपने पराक्रम से दंडक वन को राक्षस विहिन किया और साधु-संतों की सेवा की। उन्होंने गौतम ऋषि की पत्नी अहिल्या का उद्धार किया तथा पराई स्त्री पर कुदृष्टि रखने वाले बालि का संहार कर संसार को स्त्रियों के प्रति संवेदनशील होने की सीख दी। जंगल में रहने वाली शबरी माता को नवधा भक्ति का ज्ञान दिया। उन्होंने नवधा भक्ति के जरिये दुनिया को अपनी महिमा से सुपरिचित कराया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मुझे वही प्रिय हैं जो संतों का संग करते हैं। उन्होंने शबरी को यह भी समझाया कि मेरे दर्शन का परम अनुपम फल यह है कि जीव अपने सहज स्वरुप को प्राप्त हो जाता है। भगवान श्रीराम सभी प्राणियों के लिए संवेदनशील थे। भगवान श्रीराम और वानरराज सुग्रीव की मित्रता आदर्श मित्रता का अनुपम उदाहरण है। पवनपुत्र हनुमान भगवान श्रीराम के अनन्य भक्त हैं। उन्होंने कहा है कि-कुलीन न होते हुए भी भगवान श्रीराम ने मुझ जैसे सभी गुणों से हीन जीव को अपनाया। अधम प्राणी जटायु को पिता तुल्य स्नेह प्रदान कर जीव से जंतुओं के प्रति मानवीय आचरण को भलीभांति निरूपित किया। समुद्र पर सेतु बांधकर वैज्ञानिकता और तकनीकी की अनुपम मिसाल कायम की। उन्होंने समुद्र के अनुनय-विनय पर निकट बसे खलमंडली का संहार किया। पत्नी सीता के हरण के बाद भी अपना धैर्य नहीं खोया। असुरराज रावण को सत्य और धर्म के मार्ग पर लाने के लिए हरसंभव प्रयास किया। उसे समझाने के लिए हनुमान और अंगद को उसके पास लंका भेजा, लेकिन रावण को यह सब रास नहीं आया। स्वयं उसके भाई विभीषण ने माता सीता को प्रभु श्रीराम को सौंपने के लिए अनुनय-विनय किया, लेकिन रावण माता सीता को वापस करने के लिए तैयार नहीं हुआ। उल्टे उसने विभीषण को अपमानित कर लंका से निर्वासित कर दिया। विभीषण भगवान श्रीराम के शरणागत हुए। अंततः प्रभु श्रीराम ने असुरराज रावण का वध कर पृथ्वी को उसके अत्याचारों से मुक्त किया। वे लंका का राज्य विभीषण को सौंपकर माता जानकी के साथ अयोध्या लौट आए। सही अर्थों में इन लीलाओं के जरिये भगवान श्रीराम ने एक पुत्र, पिता, पति, भाई और एक राजा के तौर पर जगत को संदेश दिया कि एक आदर्श, निष्पक्ष और बंधुतापूर्ण आचरण के जरिये ही एक सभ्य और सुसंस्कृत समाज का निर्माण संभव है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



रामनवमी विशेष
प्रभात झा

# जब तक सृष्टि तब तक राम की दृष्टि

राम के बिना इस भारतवर्ष की कोई कल्पना नहीं की जा सकती। आज के पंकिल कुहासे को नष्ट करने के लिए भगवान श्रीराम जैसे चन्दन चर्चित चरित्र में अवगाहन की महती आवश्यकता मानवता को है। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम समस्त भारतीय साधना और ज्ञान-परम्परा के वागद्वार हैं, जिनका दृढ़चरित्र लोक-मर्यादा के कठोर अंकुश से अनुशासित है और जो जन-जन के मन को आप्लावित कर सकता है, जो संपूर्ण मानवता के लिए कल्याणकारी है। भगवान श्री राम का जन्मोत्सव चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को मनाया जाता है। इस बार भगवान श्रीराम का जन्मोत्स्व अयोध्या के नव निर्मित दिव्य एवं भव्य मंदिर में मनाया जाएगा।

रामायण में वर्णन है-महर्षि वाल्मीकि ने मुनिश्रेष्ठ नारद से पूछा, "भगवन! इस समय इस संसार में गुणी, शूरवीर, धर्मयज्ञ, सत्यवादी और दृढ़- प्रतिज्ञ कौन है? सदाचारी, सब प्राणियों का हित करने वाला, प्रियदर्शन, धैर्ययुक्त तथा काम-क्रोधादि शत्रुओं को जीतनेवाला कौन है? मुझे यह जानने की प्रबल अभिलाषा है। महर्षि ! आप इस प्रकार के श्रेष्ठ पुरुष के जानने में समर्थ हैं, अतः मुझे बताइये।" महर्षि वाल्मीकि के ऐसा पूछने पर मुनिश्रेष्ठ नारद ने कहा, महर्षि! आपने जिन गुणों का वर्णन किया है वे बहुत, श्रेष्ठ और दुर्लभ हैं तथा उन सबका एक ही व्यक्ति में मिलना कठिन है, फिर भी आप द्वारा पूछे सभी गुणों से युक्त एक व्यक्ति हैं जो इक्ष्वाकु वंश में उत्पन्न हुए हैं और 'राम' नाम से जगदविख्यात हैं। वे अति बलवान, धैर्ययुक्त, जितेंद्रिय, बुद्धिमान प्रियवक्ता, शत्रुघ्नों के नाशक, धर्म के जानने वाले, सत्यवादी, प्राणियों के हित में तत्पर, वेदों के ज्ञाता, धनुर्वेद में कुशल,आर्य, प्रियदर्शन, गम्भीरता में समुद्र के समान, धेयं में हिमालय के सदृश, पराक्रम में विष्णु के तुल्य, क्रोध में कालाग्नि जैसे, क्षमा में पृथ्वी सम, दान करने में कुबेर और सत्य बोलने में दूसरे धर्म के समान हैं।"

रामायण में वर्णन के अनुसार, त्रेता युग में सूर्य देव के पुत्र वंशज महाराज इक्ष्वाकु के कुलमें अयोध्यापुरी के राजा दशरथ के पुत्र के रूप में विष्णु के सातवें अवतार भगवान राम का जन्म हुआ था। राजा दशरथ की तीन पत्नियां थी- कौशल्या, सुमित्रा तथा कैकेयी। अयोध्या के सूर्यवंशी राजा दशरथ को चौथेपन तक तीन रानियां होते हुए भी संतान प्राप्ति नहीं हुई। दुःखी सम्राट दशरथ जब अपनी यह अंतर्वेदना गुरु वशिष्ठ से कही तो उन्होंने श्रृंगी ऋषि को बुलाकर पुत्रकामेष्टि यज्ञ कराया। वशिष्ठ जी ने यज्ञ पश्चात खीर दशरथ जी को समर्पित की और राजा ने सभी रानियों को बुलाकर वह खीर वितरित की जिसका सेवन कर सभी रानियां गर्भवती हुईं और राजा दशरथ को चार पुत्रों का सुख प्राप्त हुआ। वाल्मीकि रामायण में ऋषि लिखते हैं, जिस समय महा कान्ति वाले राजा दशरथ जी पुत्रेष्टि यज्ञ करने लगे, उसी समय विष्णु भगवान ने पुत्र बनकर उनके यहां अवतार लेने का निश्चय कर लिया। इस प्रकार भगवान श्री राम का जन्म चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को हुआ था।

भगवान श्री राम जन्म प्रसंग को रामचरितमानस के बालकांड में गोस्वामी तुलसीदासजी ने वर्णन किया है- भए प्रगट कृपाला दीनदयाला, कौसल्या हितकारी। हरषित महतारी मुनि मन हारी अद्भुत रूप बिचारी॥ अर्थात दीनों पर दया करने वाले, माता कौशल्या के हितकारी प्रगट हुए हैं। मुनियों के मन को हरने वाले भगवान के अदभुत रूप का विचार कर माता कौशल्या हर्ष से भर गई। गोस्वामी जी आगे वर्ण करते हैं-लोचन अभिरामा तनु घनस्यामा निज आयुध भुजचारी। भूषन बनमाला नयन बिसाला सोभा सिंधु खरारी॥ अर्थात प्रभु के दर्शन नेत्रों को आनंद देने वाले हैं, उनका शरीर मेघों के समान श्याम रंग का है तथा उन्होंने अपनी चारों भुजाओं में आयुध धारण किए हैं, दिव्य आभूषण और वन माला धारण की हैं। प्रभु के नेत्र बहुत ही सुंदर और



विशाल है। इस प्रकार शोभा के समुद्र और खर नामक राक्षक का वध करने वाले भगवान प्रकट हुए हैं। राम शब्द का शाब्दिक अर्थ होता है वह जो रोम रोम में बसे। श्रीरामस्त्रोत्र में वर्णन है- लोकाभिरामं रणरंगधीरं राजीवनेत्रं रघुवंशनाथम। कारुण्यरूपं करुणाकरंतं श्रीरामचंद्रं शरणं प्रपद्ये अर्थात लोकों के आकर्षक, युद्ध में साहसी, राजीव(कमल) नेत्र वाले, रघुवंश के नाथ, कारुण्य स्वरूप, दयामयी हृदय वाले, ऐसे श्री राम चंद्र की शरण में हम आश्रय लेते हैं। यदि हम सामाजिक, ऐतिहासिक आदि रूपों से देखेंगे तब भी यह परिभाषा सर्वथा उपयुक्त बैठती है। इतिहास का कोई पृष्ठ नहीं जहां राम का प्रभाव न हो, समाज का कोई वर्ग नहीं जो राम भक्ति से अछूता हो। मर्यादापुरुषोत्तम भगवान श्री राम भारतीय जनमानस में बसते हैं। यहां पिछले सहस्त्रों वर्षों से आजतक जनता यदि किसी आदर्श शासनतंत्र को जानती है तो वो है रामराज्य। यदि कोई जिज्ञासावश जानना चाहे कि रामराज्य के इतने सहस्त्राब्दियों के बाद भी क्यों सब के इतने सहस्त्राब्दियों के बाद भी क्यों सब रामराज्य चाहते हैं तो उत्तर आता है करुणानिधान भगवान श्री राम की महानता।


भगवान श्री राम अपने गुणों की वजह से ही मर्यादा पुरुषोत्तम कहलाए। उन्होंने दया, सत्य, सदाचार, मर्यादा, करुणा और धर्म का पालन किया। भगवान राम ने समाज के लोगों के सामने सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण पेश किया था। इसी कारण से उनको मर्यादा पुरुषोत्तम कहा जाता है।

भगवान श्रीराम की महानता अथाह है। उनके अद्वितीय शौर्य एवं पराक्रम से उन्होने यज्ञरक्षा कर ऋषियों को भयहीन किया, उनका अनुपम बल ही खर, दूषण आदि का काल बना, वे ही शील के मूर्त स्वरूप है। धनुष भंग करने का सामर्थ्य होनेपर भी वा सभा मे शांति से बैठे थे और गुरुआज्ञा मिलने पर ही गए, पितृभक्ति ऐसी की पिता का वचन कभी मिथ्या न होने दिए भले स्वयं कष्ट सहे, त्याग ऐसा कि जब कुछ ही समय मे राजतिलक होना था तब भी वल्कल पहनकर वनगमन करने मे संकोच नहीं किया, ज्ञान वेद शास्त्रादि अनेक ग्रंथों का, मातृभूमि के प्रति प्रेम इतना कि अपनी जन्मभूमि अयोध्या नगरी के बारे मे कभी बुरे शब्द सुनना तक नहीं सहा, धर्म परायण ऐसे जो साधुओं का दुःख सुनकर बोल उठे"निशिचर हीन करहु महि, भुज उठाए पन कीन्ह।" भारत के संविधान की मूल प्रति मे दीनदयाल भगवान के चित्र हैं। गांधी जी भी भगवान श्रीराम से ही प्रेरणा पाते थे और भारत मे रामराज्य चाहते थे। स्वामी रामानंद जैसे महान समाज सुधारक संत ने भी समाजिक पतन को रोकने के लिए रामनाम की महिमा का ही प्रयोग किया था। भगवान राम से प्रेरणा पाकर लोग समाजसेवा मे अत्यधिक योगदान करते हैं। आज भी भगवान राम की प्रासंगिकता कम नहीं हुई है। हिंदू जनमानस के लिए भगवान राम की प्रासंगिकता उतनी ही है जितनी सागर में जल की, वनों में वृक्ष की अथवा ज्ञानी पुरुषों में विनम्रता की होती है। राम सबके लिए इस भारतवर्ष के पवित्र भूमि के हर कण में व्याप्त है। राम के बिना इस भारतवर्ष की कोई कल्पना नहीं की जा सकती। आज के पंकिल कुहासे को नष्ट करने के लिए भगवान श्रीराम जैसे चन्दन चर्चित चरित्र में अवगाहन की महती आवश्यकता मानवता को है। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम समस्त भारतीय साधना और ज्ञान-परम्परा के वागद्वार हैं, जिनका दृढ़चरित्र लोक-मर्यादा के कठोर अंकुश से अनुशासित है और जो जन-जन के मन को 'रस विशेष से आप्लावित कर सकता है, जो संपूर्ण मानवता के लिए कल्याणकारी है। भगवान श्री राम का जन्मोत्सव चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को मनाया जाता है। उनके जन्मोत्सव को संपूर्ण भारतवर्ष में राम नवमी के रूप में मनाई जाती है। इस वर्ष की राम नवमी विशेष है। 500 साल के बाद ऐसी रामनवमी आएगी जब भगवान श्रीराम का जन्मोत्स्व अयोध्या के नव निर्मित दिव्य एवं भव्य मंदिर में मनाया जाएगा।

(लेखक भाजपा नेता हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।


## आनंद आपके भीतर, खोजने की जरूरत नहीं



संकलित
दर्शन

कल्पना क्या है और सच्चाई क्या है! इसे समझने के लिए आपकी जड़ का मजबूत होना जरूरी है। सारी कल्पनाएं आपके अंदर हैं। यह कल्पना नहीं है, यह सच है। कल्पना में डूबना बड़ा आसान है, सच्चाई को जानना बहुत मुश्किल है। जिसको आप खोज रहे हैं, वह आपके अंदर है। उसे जानिए, पहचानिए, उसके साथ थोड़ा समय बिताइए, क्योंकि उसमें सबकुछ है। जो आपके भीतर है, वह है शांति। किसी चीज का न होना शांति नहीं है। किसी चीज का होना शांति है। जब मनुष्य खुद को जानेगा, खुद को समझेगा, तब उसके जीवन में शांति होगी। जैसे भोजन खा लेने पर भूख खत्म होती है, उसी प्रकार खुद को जान लेने पर तृष्णा मिट जाती है। शांति मिल जाती है। सोचें कि यह शरीर आपको क्यों मिला है? जिन तत्त्वों से शरीर बना है, वे सारे तत्त्व वहीं वापस चले जाएंगे जहां से ये आये थे। जिस तरह पानी, पानी में मिल जाता है। सारी चीजें प्रकृति में घुल जाएंगी। क्या समझते हैं आप कि जब बच्चा पैदा होता है तो इस धरती का वजन बढ़ता है! या जब कोई मर जाता है तो इस धरती का वजन कम होता है! वजन न तो बढ़ता है न कम होता है। क्योंकि जिन चीजों से आप बने हुए हैं वे तो अभी यही हैं। परंतु क्या आपने उस चीज को जाना, समझा जो आपके शरीर के अंदर है? इसे जान गए, पहचान गए, फिर आनंद ही आनंद है। आपका नाम आपके शरीर का नाम है। नाम कमाने से क्या होगा। नाम नहीं, ज्ञान कमाइये। आनंद कमाइए। ये आप अपने साथ ले जा सकते हैं।

## ईर्ष्यालु व्यक्ति, संपन्नता नहीं देख सकता



संकलित
प्रेरणा

एक महिला कुबड़ी थी। सभी लोग उसका उपहास उड़ाते थे। बच्चे तो जब-तब उसे 'कुबड़ी-कुबड़ी' कहकर परेशान करते रहते थे। एक दिन वह कहीं जा रही थी कि सहसा रास्ते में उसकी भेंट नारद जी से हो गई। नारद ने उस महिला पर तरस खाते हुए कहा, 'आओ बहन! मेरे पास आओ। मैं अपने योगबल से तुम्हारा कूबड़ ठीक कर दूंगा।' महिला बोली, 'भगवान! आप अंतर्यामी हैं। आप तो जानते ही है कि लोग मेरा कितना मजाक उड़ाते हैं। मुझे सदैव यह कहकर चिढ़ाते रहते हैं कि, देखो वह कुबड़ी जा रही है। यदि आप मुझ पर मेहरबानी कर ही रहे हैं तो मेरे कूबड़ की फिक्र मत कीजिए। आप बस इतना कर दीजिए कि जो लोग मेरा मजाक उड़ाते हैं, उन सबके भी कूबड़ निकल आए।' नारद जी ने उस महिला का उत्तर सुना तो हक्के-बक्के रह गए। आश्चर्यचकित होकर बोले, 'बहन, दूसरों के कूबड़ निकल आने से तुम्हें क्या मिलेगा।' बुढ़िया बोली, 'मैं उन्हें भी अपनी तरह चलते और दूसरों द्वारा उपहास होते देखूंगी तो मन को शांति मिलेगी।' नारद जी सोचने लगे यह महिला चाहती तो मेरी कृपा से अपना कूबड़ ठीक करा सकती थी। लेकिन उसने हाथ आए अवसर को दूसरों के नुकसान के रूप में ही भुनाने की कामना की। ईर्ष्यालु व्यक्ति की प्रकृति यही होती है कि वह दूसरों को सुखी-संपन्न देखकर उनके जैसा उन्नत, संपन्न और सुखी होने की प्रेरणा ग्रहण नहीं करता, बल्कि सुखी लोगों को दुखी करने और नीचे गिराने का प्रयास करता है।

## सटाका




## आज की पाती

### कन्या पूजा का महत्त्व

भारत सारी दुनिया में देवभूमि के लिए प्रसिद्ध है। हमारा देश ही मात्र एक ऐसा देश है, जहां पर नवरात्र मनाया जाता हैं और कन्या पूजन होता है। लेकिन जब इसी देश में कन्या भ्रूण हत्या सामाजिक बुराई की खबरें सुनने को मिलती हैं, तो हर सभ्य और भारत की संस्कृति का अनुसरण करने वाला व्यक्ति यह सोचने पर मजबूर हो जाता है कि क्या भारत वही है जहां पर नवरात्र में कन्या पूजन होता है? दुर्गा माता पूजा-पाठ से कम और इनसान के अच्छे कर्मों से ज्यादा खुश होती हैं। नवरात्र में कुछ लोग व्रत रखकर कन्या पूजन करते हैं, लेकिन उनमें से ही कुछ लोग लड़कियों के प्रति घटिया सोच रखते हैं, नफरत करते हैं। हमें बेटियों को पूरा सम्मान देना चाहिए, तभी हमारा समाज सभ्य कहलाएगा। – *रमेश पाठक, महासमुंद*

## ट्रेंड

### अवसरों से समृद्ध भारत

मैं उन लोगों को बताना चाहता हूं जिन्हें सिविल सेवा परीक्षा में अपेक्षित सफलता नहीं मिली- असफलताएं कठिन हो सकती हैं, लेकिन याद रखें, यह आपकी यात्रा का अंत नहीं है। भारत ऐसे अवसरों से समृद्ध है जहां आपकी प्रतिभा चमक सकती है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री



### भगवान के सृजन का उदाहरण

अनेक अनुपम, नयनाभिराम दृश्य, घटना, वैविध्यताओं से परिपूर्ण यह जगत परमात्मा की कलात्मक सृजन का श्रेष्ठ उदाहरण है। सुंदर और श्रेष्ठ सृजन में सहायक मानवीय मनोभावों की अनुपम उद्दाप्त और आह्लादकारी अभिव्यक्ति ही कला है।

-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु



### रिकॉर्ड तोड़ बेरोज़गारी

रिकॉर्ड तोड़ बेरोज़गारी, कमरतोड़ महंगाई, क़र्ज़ के बोझ और सरकार के दमन से शहीद होते किसानऔर दुनिया का सबसे बड़ा भ्रष्टाचार 'इलेक्टोरल बॉन्ड'! इन सभी 'क्षुधावर्धक' का स्वाद चख चुकी जनता से नरेंद्र मोदी कह रहे हैं कि 2047 में वह 'मेन कोर्स' खिलाएंगे।

-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद



### निधन पर दुःख हुआ

कन्नड़ फिल्म उद्योग के दिग्गज अभिनेता द्वारकीश सर के निधन से गहरा दुख हुआ। उनकी फिल्में देखकर बड़ा हुआ हूं। फिल्म जगत में उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा

-अनिल कुंबले, क्रिकेटर










## खबर संक्षेप



### सड़क निर्माण बढ़कर 13,000 किलोमीटर होगा : इक्रा

**नई दिल्ली।** देश में चालू वित्त वर्ष 2024-25 में सड़क निर्माण पांच से आठ प्रतिशत बढ़कर 12,500-13,000 किलोमीटर होने की संभावना है। वित्त वर्ष 2023-24 में 20 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्ज की गई थी। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने मंगलवार को कहा कि निर्माण की गति को आने वाले चालू वित्त वर्ष में सड़क परिवहन तथा राजमार्ग मंत्रालय (एमओआरटीएच) के आने वाली परियोजनाओं, सरकार द्वारा पूंजी परिव्यय में वृद्धि और परियोजनाओं को पूरा करने पर ध्यान केंद्रित करने से मदद मिलेगी।

### अपोलो टायर्स को 2.06 करोड़ की कर मांग मिली





**नई दिल्ली।** अपोलो टायर्स लिमिटेड ने मंगलवार को कहा कि उसे जीएसटी प्राधिकरण से 2.06 करोड़ रुपये की कर मांग और जुर्माने का आदेश मिला है। कंपनी ने बताया कि तमिलनाडु में जीएसटी प्राधिकरण ने इनपुट टैक्स क्रेडिट(आईटीसी) का लाभ उठाने और अन्य मुद्दों के चलते यह आदेश जारी किया। अपोलो टायर्स ने शेयर बाजार को बताया कि तमिलनाडु के उपायुक्त (सीटी) ने जीएसटी अधिनियम के तहत एक आदेश पारित किया है, जिसमें जीएसटी मांग और जुर्माने सहित 2.06 करोड़ रुपये की मांग की गई है।

### जेएनके इंडिया का आईपीओ 23 अप्रैल को खुलेगा




**नई दिल्ली।** हीटिंग उपकरण बनाने वाली कंपनी जेएनके इंडिया लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 23 अप्रैल को खुलेगा। मंगलवार को दाखिल आईपीओ दस्तावेजों (आरएचपी) के अनुसार, आरंभिक सार्वजनिक निर्गम 25 अप्रैल को बंद होगा। बड़े (एंकर) निवेशकों के लिए बोली 22 अप्रैल को एक दिन के लिए खुलेगी। आईपीओ में 300 करोड़ रुपये तक के नए शेयर जारी किए जाएंगे।

### आदित्य बिड़ला कैपिटल ने पेश किया डिजिटल मंच




**मुंबई।** आदित्य बिड़ला कैपिटल ने मंगलवार को एक डिजिटल मंच पेश किया। इसके जरिए कंपनी का मकसद अगले तीन वर्षों में तीन करोड़ नए ग्राहक जोड़ने का है। 'आदित्य बिड़ला कैपिटल डिजिटल' पेश किए जाने के लिए आयोजित कार्यक्रम में आदित्य बिड़ला समूह के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला ने कहा कि इस मंच का उद्देश्य निर्बाध तरीके से नए ग्राहक जोड़ना है।

### चीन की अर्थव्यवस्था पहली तिमाही में 5.3 प्रतिशत बढ़ी



**हांगकांग।** चीन की अर्थव्यवस्था ने पहली तिमाही में उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन किया है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था जनवरी-मार्च तिमाही में 5.3 प्रतिशत की वार्षिक दर से बढ़ी। यह विश्लेषकों के करीब 4.8 प्रतिशत के अनुमान से अधिक है। पिछली तिमाही की तुलना में वृद्धि दर 1.6 प्रतिशत बढ़ी। चीन की अर्थव्यवस्था कोविड-19 वैश्विक महामारी के प्रभावों से उबरने के लिए लगातार संघर्ष कर रही है।

# लिंक्डइन ने जारी की शीर्ष भारतीय कंपनियों की सूची, टीसीएस रही टॉप पर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

प्रोफेशनल नेटवर्किंग साइट लिंक्डइन हर साल भारत में काम करने वाली 25 बेस्ट कंपनियों की लिस्ट को जारी करती है। साल 2024 की भी शीर्ष 25 कंपनियों की लिस्ट जारी कर दी गई है जिसमें टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने टॉप पर अपनी जगह बनाई है।

मंगलवार को जारी की गई लिस्ट के मुताबिक भारत में काम करने वाली शीर्ष कंपनियों की लिस्ट में दूसरे और तीसरे स्थान पर एक्सेंचर और कॉग्निजेंट का नाम है। इस लिस्ट में सबसे ज्यादा फाइनेंशियल सेक्टर में काम करने वाली कंपनियों ने अपनी जगह बनाई है। इसके अलावा आईटी सेक्टर, डाटा स्टोरेज टेक्नोलॉजी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस संबंधित कई कंपनियों को भी इस सूची में जगह मिली है।

## हर साल देश में काम करने वाली 25 बेस्ट कंपनियों की सूची होती है जारी

### टॉप पर रहा बेंगलुरु

*इसके अलावा लिंक्डइन ने देश के उन शहरों की भी लिस्ट जारी की है जो कंपनियों के लिहाज से सबसे बेस्ट है। इसमें शीर्ष पर आईटी सिटी बेंगलुरु ने अपनी जगह बनाई है। इसके अलावा इस लिस्ट में हैदराबाद, मुंबई महानगर क्षेत्र और पुणे को भी स्थान मिला है।*




### मध्यम आकार की कंपनियों की लिस्ट भी जारी

*लिंक्डइन ने इस साल मध्यम आकार की कंपनियों जिसमें 250 से 500 कर्मचारी हैं उसकी लिस्ट भी जारी की है। इस मिड साइज कंपनियों की लिस्ट में सास प्लेटफॉर्म लेंट्रा ने शीर्ष पर अपना स्थान बनाया है। वहीं इस लिस्ट में ट्रैवल वेबसाइट मेक माय ट्रिप,प्राडन, नाइका और ड्रीम11 को भी स्थान मिला है।*

### सातवें स्थान पर एंड्रेस प्लस हाउजर ग्रुप

*इस लिस्ट में सातवें स्थान पर एंड्रेस+हाउजर ग्रुप, 8 वें स्थान पर ब्रिस्टल मायर्स स्क्विब और 9 वें स्थान पर जेपी मार्गन चेंज एंड कंपनी ने अपनी जगह बनाई है। इस लिस्ट में 10वें स्थान पर पेप्सिको का नाम है। टॉप-25 की लिस्ट में एचसीएल-ईवाई, अमेजन, मास्टरकार्ड, आईसीआईसीआई बैंक, मैकलिन और गोल्ड सांचे जैसी कंपनियों के नाम भी शामिल है।*

### चौथे स्थान पर मैक्वेरी ग्रुप

लिंक्डइन द्वारा जारी की गई शीर्ष 25 कंपनियों की लिस्ट में टीसीएस को सबसे बेस्ट कंपनी का अवार्ड मिला है। टॉप 25 कंपनियों की लिस्ट में 500 से अधिक कर्मचारियों वाली कंपनियों को शामिल किया गया है। पिछले साल भी कंपनी इस लिस्ट में टॉप पर थी। ऐसे में कंपनी ने अपने स्थान को बरकरार रखा है। वहीं इस लिस्ट में चौथे स्थान पर मैक्वेरी ग्रुप, पांचवें पर मॉर्गन स्टेनली और छठे स्थान पर डेलाइट का नाम है।

## पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से सराफा में मांग बढ़ी

# सोना 700 रुपए के उछाल के साथ नए उच्चस्तर पर, चांदी का भी रिकॉर्ड

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने की आशंका के बीच अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मजबूत रुझानों को देखते हुए मंगलवार को लगातार दूसरे दिन स्थानीय सराफा बाजार में बढ़त का सिलसिला कायम रहा और सोने और चांदी की कीमतें नए सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गईं। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के अनुसार मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमतें 700 रुपये बढ़कर 73,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं।

सोमवार को यह 73,050 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इसी तरह चांदी की कीमत 800 रुपये उछलकर 86,500 रुपये प्रति किलोग्राम की रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई।

### बाजारों से सकारात्मक संकेत

एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक-जिंस सौमिल गांधी ने कहा, 'विदेशी बाजारों से सकारात्मक संकेत लेते हुए दिल्ली के बाजारों में सोने की हाजिर कीमत (24 कैरेट) 73,750 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रही है, जो पिछले बंद भाव से 700 रुपये की तेजी को दर्शाता है।'

### खास बातें

- सोना बढ़कर 73, 750 रुपए प्रति दस ग्राम
- चांदी भी 800 रुपए उछलकर 86,500 रुपए प्रति किलोग्राम



### सोना 2370 डॉलर प्रति औंस पर कामकाज कर रहा

*अंतरराष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स में हाजिर सोना 2,370 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जो पिछले बंद भाव से 15 डॉलर अधिक है। पिछले सप्ताह इजराइल पर ईरान के हमले के बाद पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने की आशंकाओं के बीच सुरक्षित संपत्ति की मांग बढ़ने से सोने में तेजी आई।*

### सोना बना सुरक्षित निवेश विकल्प

*गांधी ने कहा कि निवेशकों का ध्यान संभावित जवाबी हमले की ओर गया, जिससे दोनों देशों के बीच पूर्ण युद्ध शुरू होने का खतरा बढ़ सकता है। इससे सुरक्षित निवेश विकल्प के रूप में सर्राफा की मांग बढ़ी है। चांदी भी बढ़त के साथ 28.40 डॉलर प्रति औंस पर बोली गई।*

### पावेल के भाषण का इंतजार

*पिछले कारोबार में यह 28.25 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुई थी। इसके अलावा निवेशक पिछले सप्ताह उम्मीद से अधिक मुद्रास्फीति के आंकड़ों के बाद मंगलवार को अमेरिकी फेडरल रिजर्व के प्रमुख जेरोम पावेल के भाषण का इंतजार करेंगे, जो मौद्रिक नीति दृष्टिकोण पर अधिक जानकारी प्रदान करेगा।*

### सोने में सबसे अधिक वायदा कारोबार

*इस बीच, एमसीएक्स के वायदा कारोबार में सोने का सबसे अधिक कारोबार वाला जून अनुबंध 349 रुपये की तेजी के साथ 72,626 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा था। दिन में कारोबार के दौरान यह 72,927 रुपये प्रति 10 ग्राम के उच्चस्तर पर पहुंच गया।*

### एमसीएक्स में चांदी में मई अनुबंध घटा

*हालांकि, मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर चांदी का मई अनुबंध 314 रुपये की गिरावट के साथ 83,537 रुपये प्रति किलोग्राम पर कारोबार कर रहा था। एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष, शोध विश्लेषक - जिंस एवं मुद्रा जतीन त्रिवेदी ने कहा, एमसीएक्स पर सोने में उछाल आया।*

### सोने के प्रति धारणा मजबूत

*त्रिवेदी ने कहा, कॉमेक्स पर सोना रातोंरात बढ़त के साथ 2,370 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया। त्रिवेदी ने कहा कि आगे जाकर जब तक भू-राजनीतिक तनाव बना रहता है और बढ़ता रहता है, तब तक सोने के प्रति धारणा में तेजी बनी रहेगी।*

# शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन गिरावट

एजेंसी ⏭ मुंबई

स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 456 अंक और लुढ़क गया। वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख और पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने की आशंका के बीच मुख्य रूप से सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) शेयरों में भारी बिकवाली से बाजार नीचे आया। विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी से भी निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 456.10 अंक की गिरावट के साथ 72,943.68 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 124.60 अंक यानी 0.56 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,147.90 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में इन्फोसिस, इंडसइंड बैंक, बजाज फिनसर्व, विप्रो, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, बजाज फाइनेंस, टेक महिंद्रा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और लार्सन एंड टुब्रो प्रमुख रूप से नुकसान में रहे।



दूसरी तरफ लाभ में रहने वाले शेयरों में टाइटन, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एचडीएफसी बैंक, मारुति, आईटीसी, पावरग्रिड और रिलायंस इंडस्ट्रीज शामिल हैं। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''वैश्विक राजनीतिक तनाव की आशंका और हाल-फिलहाल नीतिगत दर में कटौती की संभावना कम होने के बीच घरेलू बाजार में लगातार तीसरे दिन गिरावट रही। अनुमान से अधिक मजबूत अमेरिकी खुदरा बिक्री के आंकड़ों के बाद चिंता बढ़ी है। शेयर बाजार बुधवार को 'रामनवमी' के अवसर पर बंद रहेगा।

### निवेशकों की पूंजी 7.93 लाख करोड़ घटी

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और कमजोर वैश्विक रुझानों के बीच स्थानीय शेयर बाजार में तीन सत्र से जारी गिरावट से निवेशकों की पूंजी 7.93 लाख करोड़ रुपये घट गई है। बीएसई की सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) तीन दिन में 7,93,529.61 करोड़ रुपये घटकर 3,94,25,823.46 रुपये (4750 अरब अमेरिकी डॉलर) पर आ गया है।

# 15 अप्रैल तक चीनी उत्पादन घटकर 3.10 करोड़ टन पर

## गिरावट कर्नाटक में कम उत्पादन के कारण आई

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

चालू 2023-24 सत्र में 15 अप्रैल तक देश का चीनी उत्पादन थोड़ा घटकर तीन करोड़ 10.9 लाख टन रह गया है। उद्योग निकाय इस्मा के मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार यह गिरावट कर्नाटक में कम उत्पादन की वजह से है। वर्ष 2022-23 सत्र की समान अवधि में चीनी का उत्पादन तीन करोड़ 12.3 लाख टन रहा था। भारत दुनिया का एक प्रमुख चीनी उत्पादक देश है। चीनी का मौसम अक्टूबर से सितंबर तक चलता है। वर्तमान में चीनी निर्यात पर अनिश्चितकाल के लिए प्रतिबंध लगा हुआ है। भारतीय चीनी मिल संघ (इस्मा) ने वर्ष 2023-24 सत्र के लिए शुद्ध चीनी उत्पादन अनुमान को संशोधित कर 3.2 करोड़ टन कर दिया है। इस्मा के ताजा आंकड़ों के अनुसार, देश के प्रमुख चीनी उत्पादक राज्य महाराष्ट्र में चीनी का उत्पादन चालू सत्र में 15 अप्रैल तक एक करोड़ 9.2 लाख टन से अधिक रहा, जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह एक करोड़ 5.9 लाख टन था।

- चीनी का मौसम अक्टूबर से सितंबर तक चलता है



### 128 मिलों ने अपना परिचालन बंद किया

इस सत्र में 15 अप्रैल तक लगभग 128 मिलों ने अपना परिचालन बंद कर दिया है, जबकि एक साल पहले की समान अवधि में 55 मिलें बंद हो गई थीं। इसमें कहा गया है कि कुल मिलाकर 448 कारखानों ने देशभर में अपना पेराई कार्य पूरा कर लिया है, जबकि पिछले साल अप्रैल के मध्य तक 401 कारखाने बंद थे।

### सिप्ला करेगी आइविया ब्यूटी का अधिग्रहण

**नई दिल्ली।** प्रमुख दवा कंपनी सिप्ला लिमिटेड 130 करोड़ रुपये में आइविया ब्यूटी प्राइवेट लिमिटेड के दुनिया भर में सौंदर्य प्रसाधन व व्यक्तिगत देखभाल वितरण तथा विपणन व्यवसाय का अधिग्रहण करेगी। इसमें उसके ब्रांड एस्टाबेरी, आइकिन और भीमसैनी भी शामिल हैं। कंपनी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि एक पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी तथा उपभोक्ता स्वास्थ्य सेवा शाखा सिप्ला हेल्थ लिमिटेड (सीएचएल) ने आइविया ब्यूटी प्राइवेट लिमिटेड के सौंदर्य प्रसाधन व व्यक्तिगत देखभाल व्यवसाय के वितरण और विपणन व्यवसाय उपक्रम की खरीद के लिए एक 'बिजनेस ट्रांसफर एग्रीमेंट' (बीटीए) पर हस्ताक्षर किए हैं।

# भारत से आईफोन का निर्यात हुआ दोगुना

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत से एप्पल के आईफोन का निर्यात 2023-24 में लगभग दोगुना होकर 12.1 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। व्यापार आसूचना मंच 'ट्रेड विजन' ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि इससे पिछले वित्त वर्ष में यह आंकड़ा 6.27 अरब अमेरिकी डॉलर था। वित्त वर्ष 2023-24 में भारत से स्मार्टफोन का कुल निर्यात बढ़कर 16.5 अरब डॉलर हो गया, जो इससे पिछले वित्त वर्ष में 12 अरब अमेरिकी डॉलर था। ट्रेड विजन ने कहा कि यह वृद्धि एप्पल की उपस्थिति बढ़ने, भारतीय विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र के विकास और नवाचार को बढ़ावा देने के व्यापक प्रभावों को दर्शाती है। भारत से एप्पल के आईफोन का निर्यात वित्त वर्ष 2022-23 में 6.27 अरब डॉलर से बढ़कर 2023-24 में 12.1 अरब डॉलर हो गया, जो लगभग 100 प्रतिशत की भारी वृद्धि दर्शाता है।




### भारतीय आईफोन पहुंचे अमेरिका

*ट्रेड विजन एलएलसी की उपाध्यक्ष मोनिका ओबेरॉय (बिक्री एवं विपणन) ने कहा, 'भारत सरकार की उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना जैसी पहल ने एप्पल जैसी कंपनियों को स्थानीय विनिर्माण में निवेश करने के लिए प्रोत्साहित किया है।' अमेरिकी बाजार में भारत में बने आईफोन की उपस्थिति लगातार बढ़ रही है।*

### रुपया 14 पैसे की गिरावट के साथ 83.57 प्रति डॉलर

**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया मंगलवार को 14 पैसे की गिरावट के साथ 83.57 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि भू-राजनीतिक तनाव के बीच घरेलू बाजारों में नकारात्मक रुझान और वैश्विक बाजार में डॉलर के मजबूत होने का असर स्थानीय मुद्रा पर पड़ा। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की बिकवाली से रुपया और कमजोर हुआ। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.51 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार सत्र के अंत में यह 83.57 प्रति डॉलर पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से 14 पैसे की गिरावट दर्शाता है।

# वर्ष 2028 तक बेरोजगारी दर में 0.97 प्रतिशत की कमी संभव

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

देश में बेरोजगारी दर में वर्ष 2028 तक 0.97 प्रतिशत अंक की कमी आ सकती है। एक रिपोर्ट में मंगलवार को कहा गया है कि देश की अर्थव्यवस्था के पांच लाख करोड़ डॉलर तक पहुंचने से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, जिससे बेरोजगारी दर घटेगी। शोध संस्थान 'ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन (ओआरएफ)' की 'भारत रोजगार परिदृश्य 2030' रिपोर्ट के मुताबिक, श्रमबल में बिना रोजगार वाले लोगों का प्रतिशत यानी बेरोजगारी दर वर्ष 2024 के 4.47 प्रतिशत से घटकर 2028 में 3.68 प्रतिशत रह जाने का अनुमान है। रिपोर्ट कहती है, 'भारत का रोजगार बाजार व्यापक बदलाव का अनुभव कर रहा है। कोविड-19 महामारी के बाद भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती हुई प्रमुख अर्थव्यवस्था बन गया है।' रिपोर्ट के मुताबिक, 'भारत 7.8 प्रतिशत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के साथ 2026-27 तक पांच लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य हासिल कर सकता है। मजबूत निजी खपत और सार्वजनिक निवेश से इस वृद्धि को समर्थन मिलेगा।' भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का आकार वर्ष 2024 में चार लाख करोड़ डॉलर से थोड़ा कम होने का अनुमान है।




### अगली पीढ़ी के रोजगार में सुधार

ओआरएफ के निदेशक और रिपोर्ट के सह-लेखक नीलांजन घोष ने कहा, 'अगली पीढ़ी के रोजगार में सुधार के लिए उद्यमिता को बढ़ावा देना महत्वपूर्ण होगा। उद्यमियों का एक नया वर्ग रोजगार सृजन को प्रोत्साहित कर सकता है।'

## कंपनी के सीईओ ने लगभग 10 फीसदी कर्मियों को निकालने का किया था ऐलान

# टेस्ला 15,000 कर्मचारियों की करेगा छंटनी, मांग में कमी बड़ी वजह

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिग्गज इलेक्ट्रिक वेहिकल निर्माता कंपनी टेस्ला में बड़ी छंटनी होने जा रही है। टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने कंपनी के लगभग 10 फीसदी कर्मचारियों को नौकरी से निकालने का ऐलान कर दिया था। इसके लिए इलेक्ट्रिक वेहिकल की डिमांड में आई सुस्ती को जिम्मेदार बताया गया है। एलन मस्क ने टेस्ला के कर्मचारियों को एक ईमेल भेजा है। मेल में कहा गया है कि कंपनी के कई डिपार्टमेंट में एक ही जिम्मेदारी पर कई लोग काम कर रहे हैं। साथ ही कुछ जगहों पर काम करने के तरीके में भी बदलाव की जरूरत महसूस की जा रही है। हमें कठिन फैसला लेते हुए अपनी ग्लोबल वर्कफोर्स में से 10 फीसदी लोगों को नौकरी से निकालना होगा।

- मस्क ने कर्मचारियों को ई-मेल भेजकर दी जानकारी




### तरक्की के लिए कॉस्ट कटिंग जरूरी

*एलन मस्क के अनुसार, टेस्ला अपनी तरक्की के अगले फेज की ओर बढ़ रही है। इसके लिए हमें कॉस्ट कटिंग और प्रोडक्शन बढ़ाने के हर तरीके को आजमाना होगा। हमने अपनी कंपनी का पूरा विश्लेषण किया है। इसमें पाया गया है कि हमें अपने कर्मचारियों की संख्या में लगभग 10 फीसदी की कटौती करनी पड़ेगी। मुझे ऐसा निर्णय लेने में नफरत होती है लेकिन, यह बेहद जरूरी है।*

### सीएफओ ने जनवरी में ही दे दिए थे संकेत

*कंपनी के चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर वैभव तनेजा ने जनवरी में कहा था कि हमें एक-एक पैसा बचाने की कोशिश करनी चाहिए। हमारे पास एक मजबूत टीम है, जो इस दिशा में काम कर रही है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, इससे पहले टेस्ला ने साल 2022 में भी लगभग 10 फीसदी कर्मचारियों की छंटनी की थी।*

### कम से कम 15 हजार कर्मचारियों पर गिरेगी गाज

*टेस्ला में पिछले साल तक 1,40,473 कर्मचारी थे। पिछले 3 साल में यह आंकड़ा दोगुना हो चुका है। कंपनी अपने ऑस्टिन और बर्लिन प्लांट का उत्पादन बढ़ाना चाह रही है। यदि पूरी दुनिया में यह छंटनी लागू होती है तो कम से कम 15 हजार कर्मचारियों की नौकरी जाएगी। पिछले महीने कंपनी ने जो बिक्री आंकड़े जारी किए थे, उनमें बड़ी गिरावट देखी गई थी। चार साल में पहली बार किसी तिमाही में कंपनी की बिक्री घटी थी। कंपनी के साइबरट्रक द्वारा अच्छा प्रदर्शन न करने के चलते ऐसा माना जा रहा है कि आने वाले समय में सेल में और गिरावट आएगी।*

# जोमैटो ने बड़े ऑर्डर की आपूर्ति के लिए बनाया अलग दस्ता

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

खाद्य उत्पादों के ऑनलाइन आपूर्ति मंच जोमैटो ने 50 लोगों तक की भागीदारी वाले कार्यक्रमों के लिए सामान पहुंचाने के इरादे से मंगलवार को देश में पहली बार बड़े ऑर्डर का एक अलग दस्ता शुरू करने की घोषणा की। जोमैटो के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) दीपिंदर गोयल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अपने कई पोस्ट में इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बड़े ऑर्डर की आपूर्ति के लिए बना यह खास दस्ता पूरी तरह इलेक्ट्रिक वाहनों का इस्तेमाल करेगा। गोयल ने कहा, 'आज हम भारत का पहला बड़ा ऑर्डर दस्ता पेश करने के लिए रोमांचित हैं। यह दस्ता सामूहिक बड़े समूह, पार्टी एवं आयोजन जैसे आपके सभी बड़े ऑर्डर को आसानी से संभाल पाएगा। पूरी तरह इलेक्ट्रिक वाहनों पर आधारित यह दस्ता 50 लोगों तक के लिए ऑर्डर पहुंचाने के लिए बनाया गया है।' हालांकि, गोयल ने कहा कि इस दस्ते के लिए निर्धारित इलेक्ट्रिक वाहनों पर अभी काम चल रहा है और जोमैटो इनमें कूलिंग उपकरण और तापमान नियंत्रण वाले बॉक्स जैसे हिस्सों को जोड़ने की दिशा में काम कर रही है।



## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 7 | 6 | 1 | 12 |
| कोलकाता | 6 | 4 | 2 | 8 |
| चेन्नई | 6 | 4 | 2 | 8 |
| हैदराबाद | 6 | 4 | 2 | 8 |
| लखनऊ | 6 | 3 | 3 | 6 |
| गुजरात | 6 | 3 | 3 | 6 |
| पंजाब | 6 | 2 | 4 | 4 |
| मुंबई | 6 | 2 | 4 | 4 |
| दिल्ली | 6 | 2 | 4 | 4 |
| बेंगलोर | 7 | 1 | 6 | 2 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
**361 रन**
बेंगलोर

पर्पल कैप



यजुवेन्द्र चहल
**12 विकेट**
राजस्थान

बाउंड्री मीटर
**938** चौके
**546** छक्के

# आईपीएल में इन गेंदबाजों ने किया है विराट कोहली को सबसे ज्यादा बार आउट

एजेंसी ▶▶| मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग में विराट कोहली के आंकड़े कमाल के हैं। वह इस लीग में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। एक तरफ जहां उनकी फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु इस लीग में अब तक एक भी ट्रॉफी नहीं जीत पाई है तो वहीं, कोहली के बल्ले से हमेशा रन निकले हैं। हालांकि, उन्हें कई गेंदबाजों ने परेशान भी किया है और जब-जब कोहली उनके सामने आए इन गेंदबाजों ने अधिकांश बार उन्हें पवेलियन पहुंचाया।




### संदीप ने सबसे ज्यादा 7 बार भेजा पवेलियन

राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज संदीप शर्मा ने आईपीएल में सबसे ज्यादा बार कोहली को आउट किया है। उन्होंने 15 पारियों में 7 बार इस बल्लेबाज को पवेलियन भेजा है। संदीप ने 4 बार आरसीबी के पूर्व कप्तान को पॉवरप्ले के दौरान ही पवेलियन की राह दिखाई है। कोहली ने इस दौरान 67 गेंदों में 87 रन बनाए हैं। उनकी स्ट्राइक रेट 129.85 की रही है। उनके बल्ले से 11 चौके और 1 छक्का निकला है।

### नेहरा ने 6 बार किया है कोहली को आउट

पूर्व तेज गेंदबाज और अभी गुजरात टाइटंस के मेंटर आशीष नेहरा ने आईपीएल में कोहली को काफी



परेशान किया है। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने 10 पारियों में 6 बार उन्हें पवेलियन की राह दिखाई है। कोहली इस खिलाड़ी के सामने 54 गेंदों में सिर्फ 60 रन ही बना पाए हैं। नेहरा आईपीएल में 5 टीमों के लिए खेलते हुए नजर आए हैं।

### बुमराह ने 5 बार भेजा पवेलियन

आईपीएल में मुंबई इंडियंस के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने कोहली को 16 पारियों में 5 बार आउट किया है। साल 2013 में बुमराह ने अपना पहला आईपीएल विकेट कोहली का ही लिया था। इस तेज गेंदबाज के खिलाफ कोहली ने 95 गेंद का सामना किया है और उनके बल्ले से 140 रन निकले हैं। बुमराह का आईपीएल में 100वां शिकार भी कोहली ही थे।

### शमी ने भी 5 बार किया आउट

गुजरात टाइटंस के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी चोटिल होने के कारण आईपीएल 2024 नहीं खेल पा रहे हैं। कोहली को इस तेज गेंदबाज ने 12 पारियों में 5 बार पवेलियन की राह दिखाई है। शमी की बाहर जाती हुई स्विंग गेंदों ने कोहली को बहुत परेशान किया है। शमी के खिलाफ कोहली ने 77 गेंदों का सामना किया है और 107 रन बनाए हैं।

## खबर संक्षेप



### पहलवान रोहित दहिया एशियाई चैंपियनशिप के कांस्य पदक दौर में

**बिश्केक (किर्गिस्तान)।** भारत के रोहित दहिया ने कांस्य पदक दौर में जगह बनाई जिससे वह मंगलवार को यहां एशियाई चैंपियनशिप में पदक की दौड़ में बचे देश के एकमात्र ग्रीको-रोमन पहलवान रहे। ऐसे दिन जब अन्य सभी भारतीय ग्रीको रोमन पहलवानों का प्रदर्शन खराब रहा तब दहिया (82 किग्रा) ने दुनिया में 12वें नंबर के पहलवान उज्बेकिस्तान के मुखम्मदकोडिर रसुलोव के खिलाफ कांस्य पदक मुकाबले में जगह बनाई। प्रतिस्पर्धा पेश कर रहे अन्य तीन पहलवान परवेश (60 किग्रा), विनायक सिद्धेश्वर पाटिल (67 किग्रा) और अंकित गुलिया (72 किग्रा) शुरुआती दौर में बाहर हो गए। हालांकि सोफिया में 2022 विश्व अंडर-20 चैंपियनशिप में देश का प्रतिनिधित्व करने वाले दहिया जापान के योशिदा ताइजो के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में 2-7 की शिकस्त के बावजूद कांस्य पदक के दौर में पहुंच गए क्योंकि उन्हें हराने वाले प्रतिद्वंद्वी ने फाइनल में जगह बनाई।

### आरसीबी-सनराइजर्स मैच में लगी छक्कों की झड़ी : फिंच

**बेंगलुरू।** ऑस्ट्रेलिया की टी20 विश्व कप विजेता टीम के कप्तान आरोन फिंच ने कहा कि सनराइजर्स हैदराबाद और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर ने अपने आईपीएल मैच में छक्कों की झड़ी



लगा दी जिससे बल्लेबाजी के लिए बहुत अधिक जगह नहीं बची थी और मायने यह रखता था कि सबसे ज्यादा छक्के किसने लगाए। इस मैच में कुल 38 छक्के लगे। फिंच ने कहा कि यह ऐसा मैच कभी नहीं होगा जहां आप बल्लेबाजी के बारे में बात करेंगे। यह ऐसा मैच है जहां आप बात करेंगे कि सबसे ज्यादा छक्के किसने मारे और यही अंतर था। उन्होंने कहा कि उन्हें आरसीबी को 14 रन प्रति ओवर से शुरुआत करनी थी और यदि आपका एक ओवर खराब हुआ तो यह 16 हो जाता है।

### हम पावरप्ले में आक्रामक बल्लेबाजी करना चाहते हैं

**बेंगलुरु।** सनराइजर्स हैदराबाद ने इंडियन प्रीमियर लीग में बार बार रिकॉर्ड स्कोर बनाकर टी20 बल्लेबाजी को एक अलग ही स्तर पर पहुंचा दिया है और ट्रेविस हेड का



कहना है कि उनकी रणनीति का मुख्य हिस्सा पावरप्ले में सबसे ज्यादा रन जुटाना रहा है। हेड ने सोमवार को 39 गेंद में 100 रन की पारी खेलकर सनराइजर्स हैदराबाद को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ तीन विकेट पर 287 रन का रिकॉर्ड स्कोर बनाने में मदद की। हेड ने कहा कि उनकी कोशिश पावरप्ले के अंदर अर्धशतक जड़ने की रहती है। ऐसा दूसरी बार हुआ है।

### बटलर की शानदार पारी से राजस्थान ने रोमांचक मुकाबले में कोलकाता को हराया

# नारायण पर भारी बटलर की शतकीय पारी रॉयल्स ने कोलकाता के मुंह से छीनी जीत

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

जोस बटलर के नाबाद शतक की बदौलत राजस्थान रॉयल्स ने मंगलवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग मैच में जोरदार वापसी करते हुए कोलकाता के सुनील नारायण के पहले टी20 शतक पर पारी फेरते हुए उसके मुंह से जीत छीन ली। इसके साथ ही कोलकाता नाइट राइडर्स को दो विकेट से हराकर अंक तालिका के शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत की। नाइट राइडर्स के 224 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए रॉयल्स की टीम 13वें ओवर में छह विकेट पर 121 रन बनाकर संकट में थी लेकिन बटलर 60 गेंद में नाबाद 107 रन की बदौलत अंतिम गेंद पर आठ विकेट पर 224 रन बनाकर जीत दर्ज करने में सफल रही। रियान पराग (34) और रोवमैन पावेल (26) ने भी उपयोगी पारियां खेली।




### बटलर ने खेली संघर्षपूर्ण पारी

*लक्ष्य का पीछा करते हुए बटलर ने संघर्षपूर्ण पारी खेली। उन्होंने लगातार गिर रहे विकेटों के बीच टीम की उम्मीदों को जिन्दा रखा। उन्होंने मैच के आखिरी ओवर के दौरान 55 गेंदों पर अपना शतक पूरा किया। ये उनके आईपीएल करियर का 7वां शतक है। उन्होंने रियान पराग के साथ मिलकर तीसरे विकेट के लिए 50 रन की साझेदारी की। इसके अलावा उन्होंने रोवमैन पॉवेल के साथ मिलकर 7वें विकेट के लिए 57 रन भी जोड़े।*

### राइडर्स के खिलाड़ियों की मेहनत गई बेकार

*नाइट राइडर्स की ओर से नारायण (30 रन पर दो विकेट), वरूण चक्रवर्ती (36 रन पर दो विकेट) और हर्षित राणा (45 रन पर दो विकेट) ने दो-दो विकेट चटकाए लेकिन अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। नारायण ने इससे पहले ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 56 गेंद में छह छक्कों और 13 चौकों से 109 रन की पारी खेली जिससे नाइट राइडर्स ने छह विकेट पर 223 रन बनाए। उन्होंने अंगकृष रघुवंशी (30) के साथ दूसरे विकेट के लिए 85 रन की साझेदारी की। इन दोनों के बाद 21 अतिरिक्त रन टीम की ओर तीसरा सर्वोच्च स्कोर रहा। रिंकू सिंह (नौ गेंद में नाबाद 20, दो छक्के, एक चौका) ने अंत में तेजतर्रार पारी खेली।*

### रायल्स की सबसे बड़ी जीत दूसरे स्थान पर काबिज

आईपीएल में लक्ष्य का पीछा करते हुए राजस्थान रायल्स की यह सबसे बड़ी जीत है। रॉयल्स ने इससे पहले 2020 में पंजाब किंग्स के खिलाफ भी 224 रन का लक्ष्य हासिल किया था। इस जीत से रॉयल्स की टीम सात मैच में छह जीत से 12 अंक के साथ शीर्ष पर बरकरार है। नाइट राइडर्स छह मैच में चार जीत से आठ अंक के साथ दूसरे स्थान पर है।

## स्कोर बोर्ड

| कोलकाता नाइट राइडर्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| फिल सॉल्ट का एवं बो आवेश | 10 | 13 | 1 | 0 |
| सुनील नारायण बो बोल्ट | 109 | 56 | 13 | 6 |
| अंगकृष रघुवंशी का अश्विन बो सेन | 30 | 18 | 5 | 0 |
| श्रेयष अय्यर पगबाधा बो चहल | 11 | 07 | 1 | 1 |
| आंद्रे रसेल का जुरेल बो आवेश | 13 | 10 | 2 | 0 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 20 | 09 | 1 | 2 |
| वेंकटेश अय्यर का जुरेल बो सेन | 08 | 06 | 1 | 0 |
| रमनदीप सिंह नाबाद | 01 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त: 21, कुल:20 ओवर में छह विकेट पर: 223 रन
गेंदबाजी : बोल्ट 4-0-31-1, आवेश 4-0-35-2, सेन 4-0-46-2,चहल 4-0-54-1, अश्विन 4-0-49-0

| राजस्थान रॉयल्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी का वेंकटेश बो अरोड़ा | 19 | 09 | 3 | 1 |
| जोस बटलर नाबाद | 107 | 60 | 9 | 6 |
| संजू सैमसन का नारायण बो हर्षित | 12 | 08 | 2 | 0 |
| रियान पराग का रसेल बो हर्षित | 34 | 14 | 4 | 2 |
| ध्रुव जुरेल पगबाधा बो नारायण | 02 | 04 | 0 | 0 |
| अश्विन का रघुवंशी बो चक्रवर्ती | 08 | 11 | 1 | 0 |
| हेटमायर का श्रेयस बो चक्रवर्ती | 00 | 01 | 0 | 0 |
| रोवमैन पावेल पगबाधा बो नारायण | 26 | 13 | 1 | 3 |
| ट्रेंट बोल्ट रन आउट | 00 | 01 | 0 | 0 |
| आवेश खान नाबाद | 00 | 00 | 0 | 0 |

अतिरिक्त: 16, कुल:20 ओवर में आठ विकेट पर: 224 रन
गेंदबाजी: स्टार्क 4-0-50-0, अरोड़ा 3-0-45-1, हर्षित 4-0-45-2, नारायण 4-0-30-2, चक्रवर्ती 4-0-36-2, रसेल 1-0-17-0

खास खबर

## गुकेश ने नेपोमनियाच्ची से ड्रा खेला, संयुक्त बढ़त बरकरार

**टोरंटो।** भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के 10वें दौर में रूस के इयान नेपोमनियाच्ची से ड्रा खेलकर इस खिलाड़ी के साथ संयुक्त शीर्ष बढ़त कायम रखी। भारतीयों के बीच हुए मुकाबले में आर प्रज्ञानानंदा और विदित गुजराती ने भी अंक बांटे जबकि फैबियानो कारूआना ने फिरोजा अलीरेजा को और हिकारू नाकामूरा ने निजात अबासोव को पराजित किया। अब साल के इस सबसे बड़े टूर्नामेंट में महज चार राउंड बचे हैं। गुकेश और नेपोमनियाच्ची के



समान छह छह अंक हैं जबकि प्रज्ञानानंदा, कारूआना और नाकामूरा इनसे आधा अंक पीछे हैं। गुजराती के छह अंक हैं, जिससे वह अकेले छठे स्थान पर काबिज हैं जबकि अलीरेजा 3.5 अंक और अबासोव दो अंक लेकर दौड़ से बाहर हो गये हैं। मंगलवार को आराम का दिन रहा जिससे मुकाबले आज बुधवार से शुरू होंगे।

## गुजरात और दिल्ली के बीच भिड़ंत आज अभी तक जीटी का पलड़ा रहा है भारी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के 32वें मैच में गुजरात टाइटंस का सामना दिल्ली कैपिटल्स से 17 अप्रैल को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होगा। जीटी ने इस सीजन में 6 में से 3 मैच जीते हैं और फिलहाल अंक तालिका में छठे पायदान पर हैं। इसी तरह नौवें स्थान पर मौजूद डीसी ने 6 में से 2 मैचों में जीत दर्ज की हुई है। दोनों टीमों का एक-दूसरे के खिलाफ प्रदर्शन भी बड़ा रोमांचक रहा है।



### जीटी ने डीसी के खिलाफ जीते हैं 2 मैच

आईपीएल में अब तक दोनों टीमें कुल 3 मैचों में आपस में भिड़ी हैं, जिसमें से 2 मैच जीटी ने जीते हैं, जबकि 1 मैच डीसी ने अपने नाम किया है। आईपीएल 2023 में दोनों टीमें 2 मैचों में आमने-सामने थी, जिसमें से 1-1 मैच दोनों टीमों ने जीते थे।

## बीसीबी की दरियादिली, मुस्तफिजुर को दी 1 मई को मैच खेलने की मोहलत

एजेंसी ▶▶| मुंबई

ऋतुराज गायकवाड़ की अगुआई वाली टीम चेन्नई सुपर किंग्स बेहतरीन फॉर्म में चेल रही है। टीम 6 में से 4 मैच जीतकर अंक तालिका में तीसरे नंबर पर है। इस बीच डिफेंडिंग चैंपियंस को अच्छी खबर मिली है। बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान 1 मई को पंजाब किंग्स के खिलाफ चेन्नई सुपर किंग्स के मुकाबले के लिए उपलब्ध होंगे।

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग के लिए उनकी छुट्टी एक दिन के लिए बढ़ा दी है। बाएं हाथ के गेंदबाज ने सीएसके के लिए शानदार प्रदर्शन करते हुए 5 मैचों में 10 विकेट लिए हैं। बीसीबी ने पहले मुस्तफिजुर को आईपीएल के लिए 30 अप्रैल तक नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट जारी किया था, लेकिन बोर्ड ने अब उन्हें अपने फ्रेंचाइजी के लिए एक और मैच खेलने के लिए एक और दिन रुकने की अनुमति दे दी है।



मुस्तफिजुर को 30 अप्रैल के बाद वापस लौटना था इस मामले की जानकारी देते हुए बीसीबी अधिकारी ने कहा मुस्तफिजुर को 30 अप्रैल के बाद वापस लौटना था, लेकिन अब हमने उन्हें 1 मई को उनके मैच के लिए रुकने की अनुमति दे दी है। जिम्बाब्वे के खिलाफ टी20 सीरीज 3 से 12 मई तक के लिए उनके 2 मई को आने की उम्मीद है, बाद में हम उन्हें रिलीज करने के लिए तैयार नहीं हैं क्योंकि हम उन्हें विश्व कप से पहले कुछ दिनों के लिए आराम देना चाहते हैं।"

बांग्लादेश को अमेरिका की परिस्थितियों से तालमेल बिठाने के लिए 21-25 मई तक अमेरिका के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज खेलनी है। टी20 वर्ल्ड कप 2024 में ग्रुप स्टेज में 4 मैच में से 2 मैच उसे अमेरिका में खेलना है।



**यूनान में प्रज्ज्वलित की गई पेरिस ओलंपिक मशाल**

**पेरिस।** ओलंपिक में जलने वाली लौ दक्षिणी यूनान में प्राचीन खेलों के स्थल पर जलाई गई। बादलों के कारण मंगलवार को पारंपरिक तरीके से लौ जलाने के प्रयास विफल हो गए। पारंपरिक तरीके में चांदी की मशाल जलाने के लिए सूरज का इस्तेमाल किया जाता है जिसके लिए प्राचीन यूनान की पुजारिन की पोशाक पहने एक युवती हाथ में मशाल लिए रहती थी। मंगलवार को एक 'बैकअप लौ का उपयोग किया गया था जिसे सोमवार को अंतिम 'रिहर्सल के दौरान उसी स्थान पर जलाया गया था। मशाल को मशालधारियों की एक रिले द्वारा प्राचीन ओलंपिया के खंडहर मंदिरों और खेल मैदानों से ले जाया जाएगा। यूनान में रिले की 11 दिवसीय यात्रा एथेंस में पेरिस 2024 के आयोजकों को 26 अप्रैल को मशाल सौंपने के साथ समाप्त होगी।

### कीवी टीम के प्रमुख खिलाड़ी खेल रहे आईपीएल में

# पाकिस्तान-न्यूजीलैंड के बीच 5 मैचों की टी-20 सीरीज कल से

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम और पाकिस्तान क्रिकेट टीम के बीच गुरुवार 18 अप्रैल से 5 मैचों की टी-20 सीरीज खेली जानी है। न्यूजीलैंड के कई प्रमुख खिलाड़ी इस समय इंडियन प्रीमियर लीग में हिस्सा ले रहे हैं और ऐसे में माइकल ब्रेसवेल की कप्तानी में टीम अपनी चुनौती पेश करेगी। दूसरी तरफ पाकिस्तान की कमान बाबर आजम संभालेंगे। दोनों टीमों के बीच हुए टी-20 क्रिकेट में दोनों टीमें ने एक-दूसरे के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन पाकिस्तान हमेशा न्यूजीलैंड पर हावी रही है।



### पाकिस्तान का पलड़ा रहा है भारी

दोनों देशों की टी-20 क्रिकेट में भिड़ंत की बात करें तो पाकिस्तान टीम का पलड़ा भारी रहा है। अब तक दोनों देशों के बीच कुल 39 टी-20 मैच खेले जा चुके हैं, जिसमें से 21 पाकिस्तान ने जीते हैं, जबकि कीवी टीम 17 मुकाबले ही अपने नाम कर सकी है। इनके अलावा 1 मैच बेनतीजा रहा है। विशेष रूप से न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान के खिलाफ पिछले 6 में से 5 मैच जीते हैं। न्यूजीलैंड ने पाक धरती पर खेली है इकलौती टी-20 सीरीज पाकिस्तान की धरती पर न्यूजीलैंड ने 2 टी-20 जीते हैं और इतने में ही शिकस्त झेली है।

### दोनों देशों के इन बल्लेबाजों ने किया है अच्छा प्रदर्शन

पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच हुए टी-20 मैचों में सर्वाधिक रन पाकिस्तानी कप्तान ने 21 मैचों में 755 रन बनाए हैं। उनके बाद इस सूची में केन विलियमसन और मोहम्मद रिजवान हैं। विलियमसन ने पाकिस्तान के विरुद्ध 667 रन बनाए हैं। मोह. रिजवान ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 622 रन बनाए हुए हैं। मार्क चैपमैन ने 415 रन बनाए हैं। पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच टी-20 मैचों में सिर्फ बाबर, चैपमैन और फिन एलन ने 1-1 शतक लगाए हैं।

# सबालेंका स्टुटगार्ट में पोर्शे ग्रां प्री में बडोसा से भिड़ेंगी

एजेंसी ▶▶| स्टुटगार्ट (जर्मनी)

पाउला बडोसा ने डायना श्नाइडर पर 6-3, 6-4 की जीत से स्टुटगार्ट पोर्शे ग्रां प्री टेनिस प्रतियोगिता के अगले दौर में प्रवेश किया जिसमें उनका सामना दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी आर्यना सबालेंका से होगा। सबालेंका स्टुटगार्ट में पिछले तीन साल से उप विजेता रही हैं। वह 2021 में फाइनल में क्रमशः पूर्व नंबर एक एशले बार्टी तथा 2022 और 2023 के फाइनल में मौजूदा नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियातेक से हार गयी थीं। बता दें कि इस टूर्नामेंट में



विश्व रैंकिंग की शीर्ष 10 की आठ खिलाड़ी इस टूर्नामेंट में खेल रही हैं। सचिया ने सासनोविच को हराया। अमेरिका के सचिया विक्रे ने बेलारूस की अलियांकसांद्रा सासनोविच को 7-6, 7-5 से पराजित किया और अब दूसरे दौर में उनका सामना हमवतन कोको गॉफ से होगा।



# इसरो का दुनिया में बजा डंका, हल्का कार्बन नोजल बनाकर रॉकेट इंजन की तकनीक में हासिल हुई बहुत बड़ी कामयाबी


एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु


भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने एक बार फिर पूरी दुनिया में अपनी सफलता और मेहनत का डंका बजाया है। उसने रॉकेट इंजनों के लिए हल्का नोजल तैयार किया है। इसरो ने मंगलवार को कहा कि उसने रॉकेट इंजनों के लिए हल्के कार्बन-कार्बन (सी-सी) नोजल को सफलतापूर्वक विकसित किया है, जो रॉकेट इंजन तकनीक में एक नई पहल है। इसरो ने कहा है कि हल्के नोजल से अब रॉकेट की पेलोड क्षमता में बढ़ोत्तरी हो सकेगी। इसरो ने एक विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी है।

### ...अब रॉकेट की पेलोड क्षमता बढ़ाई जा सकेगी

#### रॉकेट इंजनों के मापदंडों को बढ़ावा

इसरो के मुताबिक, यह नवाचार तिरुवनंतपुरम स्थित विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (वीएसएससी) द्वारा तैयार किया गया है। इसके जरिए रॉकेट इंजनों के महत्वपूर्ण मापदंडों को बढ़ावा मिल सकेगा। इसमें थ्रस्ट लेवल, स्पेशिफिक इम्पल्स और थ्रस्ट एवं वजन अनुपात शामिल है। इसरो के मुताबिक इन बदलावों से रॉकेट की पेलोड क्षमता में वृद्धि होगी।





#### विशेष एंटी-ऑक्सीडेशन कोटिंग की

विज्ञप्ति में कहा गया है कि सी-सी नोजल की एक प्रमुख विशेषता इसकी सिलिकॉन कार्बाइड की विशेष एंटी-ऑक्सीडेशन कोटिंग है, जो ऑक्सीडायजिंग वातावरण में इसकी परिचालन सीमा को बढ़ाती है। इसरो के अनुसार, यह नवाचार न केवल थर्मल प्रेरित तनाव को कम करेगा बल्कि रॉकेट लॉन्चिंग के दौरान होने वाली कोरिजन अवरोध को भी बढ़ाएगा, जिससे प्रतिकूल वातावरण में विस्तारित परिचालन तापमान सीमा को सहने की शक्ति मिल सकेगी।

#### ऊंचे तापमान पर टिका रहेगा

अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा है कि नोजल डायवर्जेंट बनाने के लिए कार्बन-कार्बन (सी-सी) कंपोजिट जैसी उन्नत सामग्रियों का इस्तेमाल किया गया है जो असाधारण गुण प्रदान करते हैं। इसमें कहा गया है कि हरे कंपोजिट के कार्बोनाइजेशन, रासायनिक वाष्प और उच्च तापमान उपचार जैसी प्रक्रियाओं का उपयोग करके, इसने कम घनत्व, उच्च विशिष्ट शक्ति और उत्कृष्ट कठोरता के साथ एक नोजल तैयार किया है, जो ऊंचे तापमान पर भी यांत्रिक गुणों को बनाए रखने में सक्षम है।

#### नए नोजल से 67 फीसदी भार कम होगा

इसरो ने कहा है कि इस नई तकनीकी से निर्मित नोजल का इस्तेमाल विशेष रूप से वर्कहॉर्स लांचर, ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (पीएसएलवी) के लिए हो सकेगा। इसरो के मुताबिक, पीएसएलवी का चौथा चरण, पीएस4 में फिलहाल कोलंबियम मिश्र धातु से बने नोजल वाले जुड़वां इंजन लगे हैं। अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि धातुओं से बने इन नोजल की जगह उनके समकक्ष तैयार किए गए सी-सी हल्के नोजल को लगाकर लगभग 67 फीसदी का भार कम किया जा सकता है।

#### कार्बन-कार्बन कंपोजिट नोजल की विशेषताएं


पीएसएलवी में होंगे उपयोग
नोजल की कार्यक्षमता बढ़ेगी
थर्मल तनाव को कम करेगा
रतिकूल वातावरण में तापमान सीमा को सहने की शक्ति मिलेगी

## खबर संक्षेप




### नाव हादसे में 2 बच्चों समेत 6 लोगों की मौत

**श्रीनगर।** कश्मीर के श्रीनगर में झेलम नदी में एक नाव पलट गई। श्रीनगर के जिला कलेक्टर ने बताया कि इस नाव पर 15 लोग सवार थे, इनमें 7 स्कूली बच्चे और 8 लोग शामिल थे। हादसे में 2 बच्चों समेत 6 लोगों की मौत हो गई है। 6 लोगों को रेस्क्यू किया गया है, जबकि 3 लोग अब भी लापता हैं।



### विवाद के चलते लेम्बोर्गिनी कार को लगाई आग

**हैदराबाद।** यहां पर एक शख्स ने लगभग 1 करोड़ रुपए कीमत की लेम्बोर्गिनी गैलार्डो को आग लगा दी। आग लगते ही कुछ ही देर में करोड़ रुपए की स्पोर्ट्स कार जलकर राख हो गई थी। हैदराबाद के पहाड़शरीफ में हुई यह घटना दो कार पुनर्विक्रेताओं के बीच एक व्यावसायिक विवाद के बाद हुई।



### श्रीलंका और यूएई को प्याज निर्यात की मंजूरी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने श्रीलंका और संयुक्त अरब अमीरात को 20 हजार मीट्रिक टन प्याज निर्यात करने की अनुमति दी है। इसके तहत दोनों देशों को 10-10 हजार मीट्रिक टन प्याज का निर्यात किया जाएगा। विदेश व्यापार महानिदेशालय ने 15 अप्रैल को जारी अधिसूचना में यह बताया।

### किसिंग बग से हर साल 12 हजार लोगों की मौत

**वॉशिंगटन।** विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक दुनिया भर में हर साल चागास से 12 हजार लोगों की मौत हो जाती है। चागास रोग परजीवी ट्रिपैनोसोमा क्रूजी के कारण होने वाली एक बीमारी है। इस कीड़े को ट्रायटोमाइन या किसिंग बग भी कहते हैं जो पैरासाइट को इंसानों के शरीर तक पहुंचाता है। इसका नाम ब्राज़ीलियाई डॉक्टर कार्लोस चागास के नाम पर रखा गया है।

### अमित शाह ने जम्मू के पलौड़ा में जनसभा को संबोधित किया

# पथराव, गोलीबारी गुजरे समय की बात अब 'अंतिम सांसें' गिन रहा आतंकवाद



> केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने जम्मू के पलौड़ा में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पीएम मोदी के कार्यकाल के 10 साल में जम्मू-कश्मीर को सबसे ज्यादा फायदा हुआ है। जो युवा पथराव कर रहे थे, उन युवाओं के हाथ में लैपटॉप है।

एजेंसी ▶▶ जम्मू

केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार दोपहर को जम्मू शहर के पलौड़ा के मन्हास मैदान में भाजपा की जनसमर्थन महारौली को संबोधित करते हुए कहा कि अब जम्मू कश्मीर में पथराव और गोलीबारी गुजरे समय की बात बन गए हैं। अब प्रदेश में आतंकवाद अंतिम सांसें गिन रहा है।

जम्मू-रियासी सीट के लिए चुनाव के दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान होना है। शाह ने कहा कि पीएम मोदी के कार्यकाल के 10 साल में जम्मू-कश्मीर को सबसे ज्यादा फायदा हुआ है। एक जमाना था, जब ऐसे जलसे की कल्पना ही नहीं कर सकते थे। पथराव होता था, गोलीबारी होती थी, बम धमाके होते थे, पाकिस्तान से हड़ताल का ऐलान किया जाता था और 370 का साया पूरे जम्मू-कश्मीर पर छाया था। आज 370 समाप्त हो गई है, आतंकवाद अपनी अंतिम सांसें गिन रहा है और जो युवा पथराव कर रहे थे, उन युवाओं के हाथ में लैपटॉप है।

- पथराव करने वाले युवाओं के हाथ में लैपटॉप
- जम्मू कश्मीर से धारा 370 समाप्त हुई
- गुज्जर और बकरवाल का आरक्षण बरकरार रखा
- तय समय पर विधानसभा चुनाव होंगे



#### मुखर्जी का बलिदान व्यर्थ नहीं गया

अमित शाह ने कहा कि भाजपा के पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने यहीं बलिदान दिया था। उन्होंने नारा दिया था कि 'एक देश में दो विधान, दो प्रधान व दो निशान नहीं चलेगा'। उनका बलिदान व्यर्थ नहीं गया। आज जम्मू कश्मीर से 370 समाप्त हो गया है। पूरे देश की तरह यहां भी आन-बान-शान के साथ हमारा तिरंगा गगन छू रहा है। उन्होंने कहा कि जम्मू में पैर रखते ही भाजपा कार्यकर्ता के रोंगटे खड़े हो जाते हैं। बहुत कठिन दौर से संघर्ष करके भाजपा के नेता जम्मू-कश्मीर की कश्ती को बाहर निकाल कर लाए हैं।

#### विपक्ष को घेरा

अमित शाह ने कहा कि फारूक अब्दुल्ला कहते थे कि नरेंद्र मोदी 10 बार पीएम बन जाएं, लेकिन अनुच्छेद 370 नहीं हटा सकते। लेकिन दूसरी बार के कार्यकाल में ही जम्मू-कश्मीर से 370 हटा दिया गया है। उन्होंने महबूबा मुफ्ती को घेरते हुए कहा कि महबूबा कहती थीं कि अगर 370 हटा तो तिरंगे को कोई कंधा देने वाला नहीं होगा। आप और मैं तो चले जाएंगे लेकिन तिरंगा तो अजर है, अमर है... हमेशा रहने वाला है। उन्होंने कहा कि नेकां-पीडीपी कहते थे कि गुज्जर और बकरवाल का आरक्षण काट दिया जाएगा, लेकिन उनके आरक्षण से बदलाव किए बिना पहाड़ी समुदाय को आरक्षण दिया गया है।

#### तीन परिवारवादी पार्टियों को अपना वोट न दें

अमित शाह ने कहा कि हमें कोई जल्दी नही है, जब कश्मीर के लोगों का प्यार मिलेगा तो वहां भी कमल का फूल खिल जाएगा। उन्होंने कश्मीर के लोगों से अपील की कि जिसकों भी वोट देना हों दे, लेकिन वे तीन परिवारवादी पार्टियों को अपना वोट न दें। उन्होंने कहा कि फारूक अब्दुल्ला, महबूबा मुफ्ती व सोनिया गांधी अपने बेटे, बेटी के लिए काम करते हैं, आपके लिए नहीं। उन्होंने विश्वास दिलाया कि जम्मू-कश्मीर में उच्चतम न्यायालय द्वारा तय समय पर ही विधानसभा के चुनाव होंगे।

### ऑस्ट्रेलिया में बिशप पर चाकू से हमला

# धर्म से प्रेरित आतंकवादी कृत्य मान रही पुलिस



एजेंसी ▶▶ सिडनी

ऑस्ट्रेलियाई पुलिस ने 'क्राइस्ट द गुड शेफर्ड चर्च' में हुई चाकू से हमले की घटना के बाद मंगलवार को 16 वर्ष के एक किशोर को गिरफ्तार किया। घटना में बिशप मार मारी इमैनुएल और एक पादरी घायल हुए हैं। दोनों का इलाज चल रहा है और उनके बचने की उम्मीद है। पुलिस इसे आतंकवादी कृत्य मान रही है।

न्यू साउथ वेल्स पुलिस आयुक्त कारेन वेब ने बताया कि संदिग्ध की टिप्पणियां हमले के लिए धार्मिक मकसद की ओर इशारा करती हैं। अधिकारी ने बताया कि हमें लगता है कि यह हमला एक सोची-समझी साजिश के तहत किया गया क्योंकि इस व्यक्ति ने हमले के लिए ऐसे स्थान को चुना, जो उसके घर के आसपास तक नहीं है। आरोपी चाकू के साथ आया और गिरजाघर में घुसकर बिशप व पादरी पर उसने चाकू से हमला किया।

#### खुफिया एजेंसी और पुलिस कर रही जांच

देश की मुख्य खुफिया एजेंसी ऑस्ट्रेलियन सिक्योरिटी इंटेलिजेंस ऑर्गनाइजेशन (एएसआईओ), ऑस्ट्रेलियन फेडरल पुलिस और प्रांतीय पुलिस मामले की जांच में आतंकवाद रोधी कार्यबल का सहयोगी कर रही हैं। एएसआईओ के महानिदेशक माइक बर्गीस ने बताया कि जांच में इस घटना से संबंधित किसी खतरे का खुलासा नहीं हुआ है। बर्गीस ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि घटना धार्मिक रूप से प्रेरित है लेकिन हम सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रहे हैं। बर्गीस ने कहा कि हमारा काम हमलावर से जुड़े व्यक्तियों पर नजर रखना है ताकि हम यह पता लगा सकें कि समुदाय में इसी तरह का इरादा रखने वाले कोई और लोग तो नहीं हैं। हालांकि इस स्तर पर हमारे पास इसका कोई संकेत नहीं है।

#### चरमपंथियों के लिए कोई जगह नहीं

प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने हमले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हमारे समुदाय में हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है। हिंसक चरमपंथियों के लिए कोई जगह नहीं है। अधिकारियों ने बताया कि घटना के बाद सैकड़ों की तादाद में लोग 'ऑर्थोडॉक्स असीरियन चर्च' के बाहर जमा हुए और उन्होंने ईंटें व बोतलें फेंकीं, जिससे पुलिस अधिकारी घायल हो गये। उन्होंने बताया कि भीड़ ने पुलिस को आरोपी को गिरजाघर से बाहर ले जाने से रोक दिया।

### सलमान के घर के बाहर गोलाबारी मामला

# गुजरात से दो गिरफ्तार, पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया

एजेंसी ▶▶ भुज

मुंबई में बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के आवास के बाहर कथित तौर पर गोलीबारी करने वाले एक व्यक्ति समेत दो लोगों को गुजरात से गिरफ्तार कर मुंबई पुलिस को सौंप दिया गया है। आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 307 (हत्या का प्रयास) और शस्त्र अधिनियम के संबंधित प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है। कच्छ-पश्चिम के उप महानिरीक्षक महेंद्र बागड़िया ने बताया कि बिहार के पश्चिम चंपारन के रहने वाले हैं। निवासियों विक्की गुप्ता (24) और सागर पाल (21) को सोमवार देर रात गुजरात के कच्छ जिले के माता नो माध गांव से गिरफ्तार किया गया।



#### लॉरेंस बिश्नोई के गिरोह ने भेजा था

बागड़िया ने कहा कि प्रारंभिक जांच में सामने आया कि पाल और गुप्ता दोनों को जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के गिरोह ने सलमान के घर पर गोलीबारी करने के लिए कहा था। उन्होंने बताया कि सागर ने खान के घर पर गोलीबारी की जबकि गुप्ता गिरोह के सदस्यों के संपर्क में था। पकड़े जाने के बाद आरोपियों को कच्छ में दयापार थाने लाया गया, और फिर मुंबई पुलिस को सौंप दिया गया क्योंकि शिकायत वहां दर्ज हुई थी।

### यूएन में सुधारों के लिए गरजा भारत

# रुचिरा की दो टूक- विस्तार बिना यूएनएससी अधूरा

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

भारत ने सुरक्षा परिषद में सुधार की मांग को एक बार फिर जोरदार तरीके से उठाया है। भारत ने मंगलवार को सुरक्षा परिषद सुधार पर निर्णायक कार्रवाई का आह्वान करते हुए एक समावेशी ढांचे का समर्थन किया जो वास्तव में आज के गतिशील वैश्विक परिदृश्य का प्रतिनिधित्व करे।

न्यूयॉर्क में सुरक्षा परिषद सुधार पर अंतर-सरकारी वार्ता के छठे दौर के दौरान संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कांबोज ने ये मांग उठाई। कांबोज ने कहा कि भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की सदस्यता के विस्तार के पक्ष में है। स्थायी और गैर-स्थायी, दोनों श्रेणियों के विस्तार की जरूरत है।

#### 113 देशों ने किया समर्थन

कांबोज ने कहा कि 122 में से कुल 113 सदस्य देशों ने चार्टर में निर्दिष्ट दोनों मौजूदा श्रेणियों में विस्तार का समर्थन किया। इसका मतलब है कि दस्तावेज में 90 प्रतिशत से अधिक लिखित प्रस्तुतियां इसके पक्ष में थीं। केवल कुछ मुट्ठी भर सदस्य देश ही इसका विस्तार नहीं चाहते हैं। परिषद में यह एक आम धारणा बन गई है कि स्थायी श्रेणी में विस्तार अलोकतांत्रिक होगा।




### इजराइल की तैयारी पर ईरान की बड़ी धमकी

# ऐसे हथियार चलेंगे, जो अब तक नहीं चले, बस कुछ सेकंड लगेंगे जबावी कार्रवाई में

एजेंसी ▶▶ तेहरान


इजराइल की ईरान पर हमले की तैयारी के बीच ईरान ने धमकी दी है कि यदि ऐसी हिमाकत इजराइल ने की तो फिर जवाब में ऐसे हथियार इस्तेमाल होंगे, जो अब तक नहीं किए गए। ईरान की इस धमकी को परमाणु हथियारों के इस्तेमाल से जोड़ा जा रहा है। ईरान ने कहा कि यदि इजराइल ने अटैक किया तो फिर हमारी कार्रवाई में सेकेंड भर की भी देर नहीं होगी।

बता दें, इजराइल के सैन्य प्रमुख लेफ्टिनेंट हर्जी हलेवी ने सोमवार को बताया कि इजराइल अपने अगले कदमों पर विचार कर रहा है, लेकिन यह तय है कि ईरान के हमले का जवाब दिया जाएगा। हलेवी ने इस बारे में कोई विवरण नहीं दिया। सेना के प्रवक्ता रियर एडमिरल डेनियल हैगारी ने कहा कि हम जो समय चुनेंगे, उस वक्त इजराइल हमला करेगा।

#### खास बातें

- ईरान ने सीमाओं पर तैनात की मिसाइलें
- संयुक्त राष्ट्र ने दोनों देशों से शांति बरतने की अपील की







#### तगड़ा होगा जवाब

ईरान के उप-विदेश मंत्री अली बघेरी कान ने कहा कि ऐसा कुछ भी हुआ तो ईरान की ओर से जवाब देने में कुछ सेकेंड ही लगेंगे। यही नहीं हमारा जवाब भी इस बार तगड़ा होगा और ऐसे हथियार इस्तेमाल किए जांगे, जो अब तक नहीं किए गए। इजराइल की हरकतों को देखते हुए ईरान पहले से ही तैयार है और उसने अपनी सीमाओं पर खतरनाक हथियारों की तैनाती कर दी है। इनमें मारक मिसाइलें शामिल हैं।

#### परमाणु स्थलों को निशाना बना सकता है इजराइल

इजराइल की धमकी के बाद संयुक्त राष्ट्र ने दोनों देशों से शांति बरतने की अपील की है। संयुक्त राष्ट्र परमाणु निगरानी समिति को अब ईरान की परमाणु सुविधा की चिंता हो रही है। संयुक्त राष्ट्र इस बात से चिंतित है कि इजराइल, ईरान की परमाणु स्थानों को निशाना बना सकता है। अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ईरानी परमाणु सुविधाओं का मंगलवार से फिर निरीक्षण शुरू करेगी। आईएईए के महानिदेशक राफेल ग्रॉसी ने कहा कि ईरान ने 'सुरक्षा कारणों' से रविवार को अपनी परमाणु सुविधाएं बंद कर दी थी।

स्वीप गतिविधियों का हुआ आयोजन

## जयपुर के मदरसों में रैली निकाल दिया जागरूकता का संदेश, मतदान की दिलाई शपथ



राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** लोकसभा चुनाव 2024 के दृष्टिगत जिला स्तरीय स्वीप गतिविधियों के आयोजन किया जा रहा है। इसके अन्तर्गत जिले के सभी मदरसों में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी अभिषेक सिद्ध ने बताया कि मतदान जागरूकता के लिए जिले के सभी मदरसों में स्वीप गतिविधि के तहत मतदाता शपथ दिलवाई गई। विद्यार्थियों द्वारा रंगोली प्रतियोगिता, पोस्टर बैनर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके अलावा मदरसों के विद्यार्थियों द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई।

राज्यपाल ने रामनवमी की शुभकामनाएं दी

## बोले-भगवान राम का पूरा जीवन ही आदर्श का अनुपम उदाहरण

राजस्थान की राजनीति



**जयपुर।** राज्यपाल कलराज मिश्र ने रामनवमी के अवसर पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल मिश्र ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम घट- घट में व्याप्त हैं। उनका पूरा जीवन ही आदर्श का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने कहा कि अवतार के रूप में भगवान श्रीराम का जीवन चरित्र हमें विपरीत परिस्थितियों में भी नैतिकता, सदाचार, त्याग और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। राज्यपाल ने इस अवसर पर भगवान श्री राम से सभी के लिए सुख, समृद्धि और संपन्नता की कामना की है।

राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस

## डीजीपी साहू ने दी शुभकामनाएं ,75 वर्षो की गौरवमयी यात्रा में पुलिस बल के योगदान को सराहा



राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) उत्कल रंजन साहू ने राजस्थान पुलिस की स्थापना के 75 वर्ष पूर्ण होने पर प्रदेश के पुलिस जवानों और अधिकारियों के साथ प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी है।डीजीपी साहू ने मंगलवार को पुलिस मुख्यालय में आयोजित औपचारिक कार्यक्रम में अपने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा कि राजस्थान पुलिस ने अपनी 75 वर्षो की गौरवमयी यात्रा में प्रदेश में कानून- व्यवस्था, शांति, आपसी प्रेम और भाईचारे की परम्पराओं को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए अविस्मरणीय योगदान दिया है। राजस्थान पुलिस को इस मुकाम तक पहुंचाने में एक से बढ़कर एक जांबाज अधिकारियों और जवानों की अहम भूमिका रही है। इसके लिए मौजूदा पुलिस फोर्स के साथ ही सभी पूर्व पुलिस अधिकारी और सेवानिवृत पुलिसकर्मी अभिवादन और प्रशंसा के पात्र हैं।

### अमर शहीदों को श्रद्धांजलि

डीजीपी ने राजस्थान पुलिस के अमर शहीदों के त्याग और बलिदान को नमन करते हुए उन्हें पूरे पुलिस परिवार की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि हमारे पुलिसकर्मियों ने कर्तव्य के पथ पर अडिग रहते हर प्रकार की चुनौतियों से लोहा लेते हुए अपराध नियंत्रण और नागरिक सुरक्षा के क्षेत्र में समर्पित भाव से जनसेवा की मिसाल कायम की है।

दलहन-तिलहन खरीद की पंजीयन सीमा 10 प्रतिशत बढ़ायी

## सरसों के 52286 किसान और चने के 16100 किसान अतिरिक्त पंजीयन करवा सकेंगे



राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** राज्य में दलहन-तिलहन (चना, सरसों) की खरीद के लिए कृषक पंजीयन की सीमा को 10 प्रतिशत तक बढ़ाया गया है। प्रबन्ध निदेशक,राजफैड ने बताया कि इस निर्णय से चने, सरसों के लिए कुल 68386 किसानों को अतिरिक्त लाभ मिलेगा। बढ़ी हुई पंजीयन सीमा का लाभ किसान 18 अप्रैल से प्राप्त कर सकेंगे। प्रबन्ध निदेशक राजफैड एवं रजिस्ट्रार, सहकारी समितियॉ द्वारा अवगत कराया गया कि भारत सरकार द्वारा सरसों खरीद हेतु 14,61,028 मै.टन एवं चना खरीद हेतु 4,52,365 मै.टन के लक्ष्य स्वीकृत किये गये है। मंगलवार को सुबह तक राज्य में सरसों के 2 लाख 52 हजार 319 एवं चने के 33 हजार 282 कुल 2 लाख 85 हजार 601 पंजीयन हो चुके हैं। सरसों विक्रय हेतु 52547 को एवं चना विक्रय हेतु 13877 कुल 66424 किसानों को दिनांक आवंटित की जाकर 20675 किसानों से लगभग 44665 मै.टन सरसों-चना राशि 252 करोड़ रुपये का क्रय किया जा चुका है। भारत सरकार द्वारा सरसों-चना का घोषित समर्थन मूल्य क्रमशः 5650 एवं 5440 का लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से किसान भाईयों से यह भी अनुरोध है कि वह संबंधित क्रय केन्द्र/ई-मित्र के माध्यम से आवश्यक दस्तावेजों सहित यथा (गिरदावरी, बैंक पासबुक, जन-आधार कार्ड) पंजीयन शीघ्र करवायें, ताकि उन्हें जीन्स तुलाई हेतु प्राथमिकता पर दिनांक आवंटित की जा सके। सभी कृषक बंधुओं से आग्रह किया जाता है कि फसल को सुखाकर अनुज्ञय मात्रा की नमी का साफ-सुथरा कर एफएक्यू मापदण्डों के अनुरूप चना-सरसों तुलाई हेतु क्रय केन्द्रों पर लावें।

# ईआरसीपी और पीकेसी लिंक समझौते को लेकर गहलोत ने प्रदेश की जनता को किया गुमराह, भाजपा ने 100 दिन की कार्य योजना में किया समझौता– निर्मला सीतारमण

पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के तहत सीमावर्ती अंतिम गांवों को प्रथम गांव मानकर किया इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत– निर्मला सीतारमण

कांग्रेस के घोषणा पत्र में ओपीएस का ज़िक तक नहीं,पूर्ववर्ती गहलोत सरकार ने ओपीएस के नाम पर फैलाया था राजस्थान में भ्रम–निर्मला सीतारमण





राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए एक जहां भाजपा के संकल्प पत्र को विकसित भारत 2047 का विजन पत्र बताया वहीं दूसरी ओर पूर्व सीएम अशोक गहलोत और कांग्रेस पार्टी पर चुनाव के समय वोट के लिए झूठ बोलकर जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि राजस्थान की भाजपा सरकार ने 100 दिन की कार्य योजना पर काम करते हुए ईआरसीपी और पीकेसी लिंक योजना समझौता किया। जबकि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने प्रदेश में जल की भारी किल्लत होने के बावजूद इस महत्वपूर्ण योजना को लटकाए रखा। मेरी नजर में अशोक गहलोत पहले ऐसे सीएम है जिन्होंने पानी जैसे महत्वपूर्ण विषय को गंभीरता से नहीं लिया और ईआरसीपी योजना को अटकाने का काम किया। इसलिए विधानसभा चुनावों में राजस्थान की जनता ने नारा दिया था %%गहलोत मत लौट%%

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि भ्रष्टाचार, कुशासन, झूठे वादे और वोट बैंक के खातिर जनता को गुमराह करना कांग्रेस की पुरानी आदत है। कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में ओपीएस का ज़िक तक नहीं किया जबकि ओपीएस कांग्रेस का मुद्दा था। वहीं राजस्थान की पूर्ववर्ती गहलोत सरकार ने ओपीएस के नाम पर भ्रम फैलाने का काम किया। कांग्रेस घोषणा पत्र जारी करने के समय दिल्ली के नेताओं ने ओपीएस पर अशोक गहलोत की राय क्यों नहीं ली।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा का संकल्प पत्र पूरी तरह से गुड गवर्नेंस, डिजिटल गवर्नेंस के साथ इंफ्रास्ट्रक्चर डवलप करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। राजस्थान में सीमावर्ती जिलों के अंतिम गांव को मोदी सरकार ने पहला गांव मानकर उनका इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत करने का काम शुरू कर दिया है। सीमावर्ती गांवों में बेहतर सड़क मार्ग और टेक्नोलोजी की मदद से ड्रग्स तस्करी पर नियंत्रण करने में मदद मिलेगी। बीआरओ ने पिछले पांच सालों में राजस्थान के सीमावर्ती क्षेत्रों में करीबन 9 हजार किलोमीटर सड़क का निर्माण किया है। सीमा क्षेत्रों में तारबंदी कर अवैध गतिविधियों को रोकने का प्रयास किया जा रहा है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि दक्षिण–पश्चिम राजस्थान में खनिज के भरपूर भंडार के चलते यहां की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में काफी मदद मिलेगी। राजस्थान एमएसएमई के लिए जाना जाता है। ऐसे में भाजपा ने संकल्प पत्र में एमएसएमई को बढ़ावा देने के लिए मुद्रा लोन की सीमा को बढ़ाकर 20 लाख तक कर दी है। राजस्थान में पानी की कमी को देखते हुए पर्याप्त जल प्रबंधन के उद्देश्य से बूंद–बूंद सिंचाई योजना को बढावा दिया जा रहा है। वहीं भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों के लिए आयुष्मान योजना के तहत ?5 लाख रूपए तक का ईलाज निःशुल्क देने का वादा किया है। राजस्थान में पीएम सूर्य घर योजना की व्यापक संभावनाएं है। इससे जनता को मुफ्त बिजली के साथ ही रूफ टॉप पर सोलर पैनल लगाकर अतिरिक्त आय बढ़ाने का अवसर भी मिलेगा।

प्रेसवार्ता के दौरान मंच पर भाजपा की राष्ट्रीय सचिव डॉ अल्का गुर्जर, भाजपा के प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी और प्रदेश मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ मौजूद रहे।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सीए फाउंडेशन की ओर से आयोजित प्रबुद्धजन सम्मेलन और व्यवसायिक संवाद को किया संबोधित

# 2014 से पहले आर्थिक उन्नती को लेकर आशाहीन था देश, पिछले दस सालों में पीएम मोदी के नेतृत्व में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ाः निर्मला सीतारमण





वित्त वर्ष 2023-24 की तीनों तिमाही में वृद्धि दर प्रति तिमाही 8 प्रतिशत या उससे ज्यादा रही हैः निर्मला सीतारमण

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जयपुर के बिरला ऑडिटोरियम में चार्टर्ड अकाउटेंट्स की ओर से आयोजित प्रबुद्धजन सम्मेलन और होटल क्लार्क में आयोजित व्यवसायिक संवाद को संबोधित करते हुए कहा कि देश 2014 से पहले आर्थिक उन्नती को लेकर आशाहीन था। पिछले दस सालों में देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ा है, और निराशा दूर हुई है। देश के हर वर्ग में सकारात्मकता का भाव है। अंतिम तिमाही में अर्थव्यवस्था में 8.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है, जो कि अपने आप में रिकॉर्ड है। यह बताता है कि भारत किस गति से ग्रोथ करना चाहता है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि जीएसटी आने के बाद हर महीने चार्टर्ड अकाउंटेंट और प्रोफेशनल्स को इंतजार रहता है कि इस महीने जीएसटी का कलेक्शन कितना रहा। उन्होंने कहा कि अभी भाजपा ने जो संकल्प पत्र जारी किया है, उसमें भी हमने रिफॉर्म्स और ट्रांसफॉर्म की बात कही है। आपने देखा होगा वित्त वर्ष 2023-24 की तीनों तिमाही में प्रति तिमाही वृद्धि दर 8 प्रतिशत या उससे ज्यादा रही है। तीसरी तिमाही में वृद्धि दर 8.4 प्रतिशत रही तो वहीं चौथी तिमाही में भी इसी लेवल की वृद्धि दर की हम अपेक्षा कर रहे हैं। निर्मला सीतारमण ने कहा कि 2023-24 में औसत वृद्धि दर टिकाऊ आर्थिक वृद्धि दर है। हम अपने ऊपर आत्मविश्वास बनाए रखते हुए आगे बढ़ सकते हैं। जैसे पूरी दुनिया में पिछले तीन साल से लगातार हम सबसे तेज वृद्धि दर वाली अर्थव्यवस्था रहे हैं उसी तरह आने वाले सालों में भी रहेंगे।



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि आर्थिक नीति, व्यापक आर्थिक स्थिरता, स्थिर सरकार, स्थिर टैक्स नीति और सरकार के टेंडर तथा खरीदारी आदि पारदर्शी तरीके से होने की वजह से आज भारत की अर्थव्यवस्था की विदेशों में भी बहुत साख है। आज भारत में निवेशक आ रहे हैं और भविष्य की उम्मीदों के साथ निवेश कर रहे हैं।

सीकर में 7.50 लाख लोगों ने ली मतदान की शपथ

## निर्वाचन अधिकारी बोले- वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाएंगे, वोट करने में महिलाएं आगे

राजस्थान की राजनीति



**सीकर।** सीकर जिले में मंगलवार को एक साथ 7 लाख 50 हजार से अधिक छात्र-छात्राओं, युवाओं व आमजनों ने एक ही समय पर एक साथ मतदान करने की शपथ लेकर नया इतिहास रच है। संभवतया यह पहला मौका है कि एक ही समय इतनी संख्या में एक साथ मतदान की शपथ हुई हो। जिला निर्वाचन अधिकारी कमर उल जमान चौधरी ने प्रेसवार्ता में बताया कि 19 अप्रैल को सीकर में वोटिंग होनी है। चुनाव आयोग की मंशा रहती है कि अधिक से अधिक लोगों को जागरूक किया जाए और स्विप का कार्यक्रम उन लोगों तक पहुंचाया जाए ताकि हर मतदाता जागरूक हो सके और वह अपना वोट डाल सके। चौधरी ने कहा कि मतदाता किसी पार्टी विशेष को मतदान नहीं करना चाहता है तो चुनाव आयोग ने उनके लिए नोटा का ऑप्शन भी दिया है, वह उसका उपयोग कर सकता है। सीकर लोकसभा का मतदान प्रतिशत 2019 में 63.70 प्रतिशत के आस-पास था।राज्य का औसत मतदान प्रतिशत 66.70 प्रतिशत के आस-पास था और राष्ट्रीय औसत था 67.4 के करीब था। सीकर जिले का मतदान प्रतिशत लोकसभा के हिसाब से ही राष्ट्र स्तर, राज्य स्तर से दोनों से कम था। उन्होंने बताया कि विधानसभा चुनाव से जिले की तुलना करते है तो विधानसभा चुनाव 2023 में हमारा वोटिंग प्रतिशत 73 प्रतिशत था। जिले में मंगलवार को मतदाता जागरूकता के लिए जिला प्रशासन ने एक कार्ययोजना तैयार की तथा चुनाव आयोग के निर्देशानुसार जिले की स्विप टीम ने सभी स्कूलों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मनरेगा श्रमिकों की साइट्स पर एक शपथ कार्यक्रम करवाया तथा कार्यक्रम में सभी लोगों को शपथ दिलवाई गई। जिसमें जिले के सरकारी, प्राइवेट स्कूली बच्चों को शपथ दिलवाई कि वे अपने माता-पिता को 19 अप्रैल को मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करें। इस दौरान सामूहिक मतदान शपथ कार्यक्रम में 7 लाख 50 हजार लोगों ने भाग लिया। चौधरी ने कहा कि मुझे विश्वास है कि इन आंकड़ों के साथ हम आज की तिथि में वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने में सफल रहें और वर्ल्ड बुक रिकॉर्ड में दर्ज करवाने के लिए आवेदन भी कर दिया है।

राजस्थान में बीएसपी के विधायकों ने फिर बदला पाला

## एमएलए मनोज न्यांगली और जसवंत सिंह ने जॉइन की शिवसेना (शिंदे); विधानसभा में बसपा हुई जीरो



राजस्थान की राजनीति

**सादुलपुर (चूरू)।** राजस्थान में बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) को बड़ा झटका लगा है। प्रदेश में पार्टी के दो विधायक शिवसेना (शिंदे गुट) में शामिल हो गए हैं। मुंबई में महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे की मौजूदगी में आज सादुलपुर से रू मनोज न्यांगली और बाड़ी से जसवंत सिंह गुर्जर ने बीएसपी छोड़कर शिवसेना (शिवसेना) जॉइन कर ली। दोनों विधायकों के शिवसेना (शिंदे) में शामिल होने के बाद राजस्थान विधानसभा में अब बीएसपी विधायकों की संख्या जीरो हो गई है। बीएसपी के विधायक पहले भी दो बार 2008 और 2018 में चुनाव जीतने के कुछ समय बाद पार्टी बदल चुके हैं।

### 2023 के विधानसभा चुनाव में जीते थे दो विधायक

नवंबर-दिसंबर, 2023 में हुए राजस्थान विधानसभा चुनाव में बीएसपी ने दो सीट जीती थीं।। सादुलपुर सीट पर मनोज न्यांगली ने कांग्रेस की कृष्णा पूनिया को 2475 वोट से शिकस्त दी थी। बाड़ी में जसंवत सिंह गुर्जर ने तीन बार के विधायक और बीजेपी प्रत्याशी गिर्राज सिंह मलिंगा को 27,424 वोटों से हराया था। मनोज न्यांगली विधानसभा चुनाव-2013 में पहली बार बीएसपी के टिकट पर चुनाव जीते थे। वे 2018 के चुनाव में कांग्रेस की कृष्णा पूनिया से हार गए थे। इसके बाद 2023 के विधानसभा चुनाव में उन्होंने फिर बीएसपी के टिकट पर जीत दर्ज की थी। जसंवत सिंह गुर्जर 1998 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी के टिकट पर बाड़ी से विधायक बने थे। इसके बाद वह लगातार चार विधानसभा चुनाव हार गए। 20 साल बाद 2023 में बीएसपी के टिकट पर वे फिर से विधानसभा पहुंचे।

### 2008 और 2018 में भी पाला बदल चुके हैं बीएसपी एमएलए

इससे पहले भी बीएसपी के विधायक दो बार पाला बदल चुके हैं। 2008 के विधानसभा चुनाव में राजस्थान में 6 सीटें बीएसपी ने जीती थी। बाद में मई, 2009 में सभी 6 विधायक कांग्रेस में शामिल हो गए। 2018 में भी बीएसपी से 6 विधायक बने। सितंबर, 2019 में सभी 6 एमएलए कांग्रेस में शामिल हो गए।

‘पुलिस, खान विभाग और बजरी माफिया की मिलीभगत’

# हाईकोर्ट ने कहा- राजस्थान सरकार लगाम नहीं लगा सकती; अवैध खनन से जुड़ा केस सीबीआई को सौंपा

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** राजस्थान में अवैध बजरी खनन और माफिया से जुड़े सभी मामलों की जांच के लिए हाईकोर्ट ने सीबीआई को निर्देश दिए हैं। जस्टिस समीर जैन की अदालत ने बजरी के अवैध खनन और परिवहन से जुड़े एक आरोपी की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिए।

हाईकोर्ट ने कहा- प्रदेश में बजरी माफिया, पुलिस और खान विभाग की मिलीभगत से अवैध खनन हो रहा है। ऐसे में इन मामलों पर सरकार लगाम नहीं लगा सकती। इसलिए इस मामले को सीबीआई को ट्रांसफर किया जाता है। सीबीआई को यह छूट दी जाती है कि वह चंबल और बनास नदी के आसपास के क्षेत्र में बजरी माफिया पर दर्ज मामलों की भी जांच कर सकती है।

कोर्ट ने सीबीआई डायरेक्टर को निर्देश दिए कि वे इन मामलों की जांच करके 4 सप्ताह में कोर्ट में प्राथमिक रिपोर्ट पेश करें।

### एसीएस से मांगी थी एक्शन टेकन रिपोर्ट

दरअसल, हाईकोर्ट ने आरोपी जब्बार की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए 29 फरवरी 2024 को एसीएस (होम) से मामले




में दोषी अधिकारियों के खिलाफ की गई कार्रवाई को लेकर एक्शन टेकन रिपोर्ट मांगी थी। 9 अप्रैल को हुई सुनवाई में सरकारी अधिवक्ता शेर सिंह महला ने कोर्ट को बताया कि उन्होंने एसीएस (होम), बूंदी एसपी, मामले के जांच अधिकारी को कोर्ट के आदेश से अवगत करवाया था। लेकिन, बूंदी एसपी की ओर से तथ्यात्मक रिपोर्ट पेश कर खानापूर्ति की गई है। कोर्ट ने इस मामले में 9 अप्रैल को सुनवाई पूरी कर आदेश सुरक्षित रख लिया था, जो आज सुनाया गया।

### कोर्ट ने कहा- सिर्फ कागजी अभियान चलाते हैं

कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए कहा- पुलिस और खान विभाग बजरी माफिया के खिलाफ कागजी अभियान चलाते हैं। जब कार्रवाई की बात आती है तो कुछ नहीं किया जाता। इससे लगता है अधिकारियों को परवाह नहीं है। पुलिस और खान विभाग की बजरी माफिया से मिलीभगत जाहिर होती है। इस मामले में भी कोर्ट को गुमराह करने का प्रयास किया गया है।

### मुख्य सचिव कार्यालय से सहयोग नहीं मिला

कोर्ट ने अपने आदेश में कहा- इस मामले में भी पुलिस की जांच लचर प्रवृत्ति की रही। कोर्ट के आदेश के बाद भी न जांच अधिकारी पेश हुआ और न संबंधित रिकॉर्ड पेश किया गया। बूंदी पुलिस ने भी बजरी माफिया पर की गई कार्रवाई का रिकॉर्ड नहीं रखा।

अधीनस्थ न्यायालय ने आरोपी की जमानत याचिका को खारिज करते हुए मुख्य सचिव कार्यालय को दिशा निर्देश दिए थे। इसके बावजूद मुख्य सचिव कार्यालय से किसी तरह का सहयोग नहीं मिला। कोर्ट ने कहा- बजरी माफिया केवल राज्य का राजस्व नुकसान नहीं कर रहे बल्कि अवैध बजरी खनन से पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं।

कोर्ट ने आरोपी जब्बार के जमानत प्रार्थना पत्र पर अंतरिम आदेश देते हुए सुनवाई 16 मई तक टाल दी है। कोर्ट ने आदेश की कॉपी सीबीआई निदेशक, मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक और खान निदेशक को भी भिजवाई है।


स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक एवं संपादक रमाकांत गोस्वामी द्वारा महारानी प्रिन्टर्स, 17 मां वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड़ जयपुर छपवाकर/मुद्रित कर, पीपलेश्वर मंदिर के पीछे, नला मौहल्ला,दौसा (राजस्थान)-303303 से प्रकाशित किया। संपादक: रमाकान्त गोस्वामी, कार्यकारी संपादक भूपेंद्र कुमार शर्मा, स्थानीय संपादक: संजय लाटा (अवैतनिक) आरएनआई नं. RAJHIN/2012/43137, ब्रांच ऑफिस: 18k3, पंकज सिंघवी मार्ग, ज्योति नगर, जयपुर-302002, मो. नं. 7610866001, हैल्प लाईन नं.: 8946840063, ईमेल- tniawaz.news@gmail.com, Group of Sites- www.hpnews.in, www.right2action.in, www.jaipurtak.com, www.dharmjagran.com, www.hindustanpatrika.com, www.freedomathought.com, www.tniawaaz.in ( * इस अंक में